आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 205 ● कटनी ● सोमवार, 29 अगस्त, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष-2 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## केरल में लैंडस्लाइड से तीन की मौत, रेस्क्यू टीमें सर्च में जुटीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केरल के इडुक्की जिले में थोडुपुझा तालुका के कुदयाथूर गांव में आज सुबह लैंडस्लाइड हो गई। हादसे में तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। हादसे की जानकारी के बाद रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

## यमुना में डूबने से 5 लड़कों की मौत, श्रीकृष्ण की मूर्ति विसर्जन के दौरान हुआ हादसा

**नई दिल्ली ,ईएमएस।** नई दिल्ली के सनलाइट कॉलोनी एरिया में मूर्ति विसर्जन करने आए 5 लड़कों की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। सभी मृतक नोएडा स्थित सलारपुर गांव के रहने वाले थे। सभी की उम्र 17-18 के बीच थी।विसर्जन करने के बाद वे वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मूर्ति नदी के बीच में फंसी देख विसर्जन करने आए ग्रुप में से 5 लड़के उसे ठीक से विसर्जित करने का प्रयास करने लगे।

# लिव-इन रिलेशनशिप और समलैंगिक रिश्ते भी परिवार, सुको की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पारिवारिक संबंध घरेलू, अविवाहित सहजीवन या समलैंगिक रिश्ते के रूप में भी हो सकते हैं। साथ ही अदालत ने उल्लेख किया कि एक इकाई के तौर पर परिवार की असामान्य अभिव्यक्ति उतनी ही वास्तविक है जितनी कि परिवार को लेकर पारंपरिक व्यवस्था। यह भी कानून के तहत सुरक्षा का हकदार है। कोर्ट ने कहा कि कानून और समाज दोनों में परिवार की अवधारणा की प्रमुख समझ यह है कि इसमें एक मां और एक पिता (जो संबंध समय के साथ स्थिर रहते हैं) और उनके बच्चों के साथ एक एकल, अपरिवर्तनीय इकाई होती है। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस ए एस बोपन्ना की पीठ ने एक आदेश में कहा, यह धारणा दोनों की उपेक्षा करती है, कई परिस्थितियां जो किसी के पारिवारिक ढांचे में बदलाव ला सकती हैं। यह तथ्य कि कई परिवार इस अपेक्षा के अनुरूप नहीं हैं। पारिवारिक संबंध घरेलू, अविवाहित सहजीवन या समलैंगिक संबंधों का रूप ले सकते हैं। एससी की टिप्पणियां अहम हैं। 2018 में समलैंगिकता को शीर्ष अदालत की ओर से अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया था। इसके बाद से ही कार्यकर्ता एलजीबीटी के लोगों के विवाह और सिविल यूनियन को मान्यता देने के साथ-साथ लिव-इन जोड़ों को गोद लेने की अनुमति देने के मुद्दे को उठा रहे हैं।



**जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश से जुड़ा मामला-** शीर्ष अदालत ने एक फैसले में यह टिप्पणी की कि एक कामकाजी महिला को उसके जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश के वैधानिक अधिकार से केवल इसलिए वंचित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि उसके पति की पिछली शादी से दो बच्चे हैं और उसने उनमें से एक की देखभाल के लिए छुट्टी का लाभ उठाया था। न्यायालय ने कहा है कि कई कारणों से एकल माता-पिता का परिवार हो सकता है। यह स्थिति पति या पत्नी में से किसी की मृत्यु हो जाने, उनके अलग-अलग रहने या तलाक लेने के कारण हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, च्इसी तरह बच्चों के अभिभावक और देखभाल करने वाले (जो परंपरागत रूप से च्मांज और चपिताज की भूमिका निभाते हैं) पुनर्विवाह, गोद लेने या दत्तक के साथ बदल सकते हैं। प्रेम और परिवारों की ये अभिव्यक्तियां विशिष्ट नहीं हो सकती हैं, लेकिन वे अपनी पारंपरिक व्यवस्था की तरह ही वास्तविक हैं। परिवार इकाई की ऐसी असामान्य अभिव्यक्तियां न केवल कानून के तहत सुरक्षा के लिए बल्कि सामाजिक कल्याण कानून के तहत उपलब्ध लाभों के लिए भी समान रूप से योग्य हैं।

### मातृत्व अवकाश को लेकर 1972 के नियमों का हवाला

पीठ की तरफ से फैसला लिखने वाले जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि जब तक वर्तमान मामले में उद्देश्यपूर्ण व्याख्या नहीं अपनाई जाती, तब तक मातृत्व अवकाश देने का उद्देश्य और मंशा विफल हो जाएगी। अदालत ने कहा, च1972 के नियमों के तहत मातृत्व अवकाश देने का उद्देश्य महिलाओं को कार्यस्थल पर बने रहने में सुविधा प्रदान करना है। इस तरह के प्रावधानों के लिए यह एक कठोर वास्तविकता है कि अगर उन्हें छुट्टी और अन्य सुविधाएं नहीं दी जाती हैं तो कई महिलाएं सामाजिक परिस्थितियों के मद्देनजर बच्चे के जन्म पर काम छोड़ने के लिए मजबूर हो जाएंगी। पीठ ने कहा कि कोई भी नियोक्ता बच्चे के जन्म को रोजगार के उद्देश्य से अलग नहीं मान सकता है और बच्चे के जन्म को रोजगार के संदर्भ में जीवन की एक प्राकृतिक घटना के रूप में माना जाना चाहिए। इसलिए, मातृत्व अवकाश के प्रावधानों को उस परिप्रेक्ष्य में माना जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि वर्तमान मामले के तथ्यों से संकेत मिलता है कि अपीलकर्ता (पेशे से नर्स) के पति की पहले भी शादी हुई थी, जो उसकी पत्नी की मृत्यु के परिणामस्वरूप समाप्त हो गया था, जिसके बाद उसने महिला शादी की। पीठ ने कहा, च्तथ्य यह है कि अपीलकर्ता के पति की पहली शादी से दो बच्चे थे, इसलिए अपीलकर्ता अपने एकमात्र जैविक बच्चे के लिए मातृत्व अवकाश का लाभ उठाने की हकदार नहीं होगी। फैक्ट यह है कि उसे पहले की शादी से अपने जीवनसाथी से पैदा हुए दो जैविक बच्चों के संबंध में बाल देखभाल के लिए छुट्टी दी गई थी, यह एक ऐसा मामला हो सकता है जिस पर संबंधित समय पर अधिकारियों की ओर से उदार रुख अपनाया गया था। वर्तमान मामले के तथ्य भी संकेत देते हैं कि अपीलकर्ता के परिवार की संरचना तब बदल गई, जब उसने अपनी पिछली शादी से अपने पति के जैविक बच्चों के संबंध में अभिभावक की भूमिका निभाई।

## पेट्रोल से जलाई गई अंकिता की मौत के बाद तनाव

# शाहरुख को फांसी देने की मांग

## कस्टडी में आरोपी हंसता हुआ दिखाई दिया

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के दुमका में अंकिता (17) का सोमवार सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया। उसके दादा ने उसे मुखाग्नि दी। कड़ी सुरक्षा में उसकी अंतिम यात्रा निकाली गई। रविवार की सुबह जब उसकी मौत की खबर आई तो दुमका में तनाव की स्थिति बन गई। दुकान-बाजार बंद हो गए। गुस्साए लोग सड़कों पर उतर गए और जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।प्रदर्शनकारियों ने दुमका-भागलपुर रोड को घंटों जाम रखा। इस विरोध प्रदर्शन में ङ्क।।क्क बजरंग दल, भाजपा के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लोगों ने बाजार भी बंद कराया। स्थिति तनावपूर्ण देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में धारा 144 लगा दी है। सोमवार सुबह भी ऐसे ही हालात रहे। आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग की गई। अंकिता ने 5 दिनों तक संघर्ष के बाद रांची के रिम्स में दम तोड़ दिया। उसने शनिवार की देर रात अंतिम सांस ली। अफसरों की देखरेख में अंतिम संस्कार हुआ अंतिम यात्रा सोमवार सुबह जरुआडीह स्थित अंकिता के घर से निकली। आखिरी सफर में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। जिले के डिप्टी डेवलपमेंट कमिश्नर कर्ण सत्यार्थी, एसडीएम महेश्वर महतो पूरे समय नजर बनाए रखे। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए सैकड़ों की संख्या में महिला और पुलिस बल तैनात किए गए हैं। घटना के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने दुमका बंद बुलाया है।



**सड़कें जाम, 144 लागू**





शाहरुख ने खिड़की से पेट्रोल डाल आग लगा दी थी23 अगस्त को अंकिता दुमका के जरुवाडीह मोहल्ले में अपने घर में सोई हुई थी। तभी लगभग 5 बजे पड़ोस के शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। परिजन उसे दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया था।

पुलिस कस्टडी में आरोपी हंसता हुआ दिखाई दिया। उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। पुलिस जब आरोपी को गिरफ्तार कर ले जा रही थी, तो वो हंसता हुआ दिखाई दिया। उसकी बॉडी लैंग्वेज से भी ऐसा नहीं लग रहा था कि उसे किसी तरह का अफसोस है।अस्पताल में भर्ती अंकिता ने मौत से कुछ ही घंटों पहले अपने साथ हुई बर्बरता की पूरी कहानी बयां की थी। उसने बताया कि घटना 23 अगस्त की सुबह पांच बजे के आसपास की है। मैं अपने कमरे में सो रही थी, अचानक कमरे की खिड़की के पास आग की लपटें देखकर मैं डर गई। जब मैंने खिड़की खोली तब देखा कि मोहल्ले का शाहरुख हुसैन हाथ में पेट्रोल का कैन लिए मेरे घर की तरफ से भाग रहा था। तब तक आग मेरे शरीर में भी लग चुकी थी और मुझे काफी जलन सी महसूस हो रही थी।

## रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर पर



### 31 पैसे टूटकर 80.15 रुपये पर पहुंचा

**नई दिल्ली एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 31 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर पर फिसल गया। सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 80.15 रुपये पर कारोबार करता दिखा।बाजार के जानकारों के मुताबिक ग्लोबल मार्केट में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के चलते यह गिरावट दर्ज की गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 80.10 पर खुला, बाद में और गिरावट दर्ज करते हुए 80.15 पर आ गया, जहां पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 31 पैसे की कमजोरी दर्ज की गई। इससे पिछले कारोबारी सेशन में रुपया शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले 79.84 पर बंद हुआ था।इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.51 प्रतिशत बढ़कर 109.35 पर आ गया।विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा मुद्रास्फीति से निपटने के लिए सख्त रुख अपनाने की बात कहने के बाद डॉलर में मजबूती आई।



## झारखंड महागठबंधन को हॉर्स ट्रेडिंग का डर

### BJP के संपर्क में कांग्रेस के कई MLA

# CM सोरेन की विधायकी पर आज जारी हो सकता है नोटिफिकेशन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में जारी सियासी संकट के बीच महागठबंधन की सरकार अब राज्यपाल पर नोटिफिकेशन जारी करने का दबाव बनाने लगी है। महागठबंधन के विधायकों ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल नोटिफिकेशन जारी करवाने में जानबूझकर देरी कर रहे हैं, ताकि BJP को हॉर्स ट्रेडिंग करने का टाइम मिल जाए। वहीं, दूसरी तरफ BJP के सूत्रों की मानें तो कांग्रेस के कई MLA अभी भी BJP के संपर्क में हैं। झारखंड कांग्रेस के एक बड़े नेता ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इसकी पूरी जानकारी राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को है। वे अपने विधायकों को एकजुट करने की कोशिश में जुटे हैं। राज्य में टूटती कांग्रेस को एकजुट रखने के लिए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे पिछले दो दिनों से झारखंड में डेरा डाले हुए हैं और विधायकों से वन टु वन मीटिंग कर रहे हैं। CM हेमंत सोरेन को भी इस बात का डर है कि BJP राज्य में सरकार गिराने के लिए कोई बड़ी चाल चल सकती है। यही कारण है कि वो विधायकों को कभी डिनर तो कभी सियासी पिकनिक पर लेकर निकल रहे हैं। वे यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि सरकार में सब ऑल इज वेल है।इस बीच, अब महागठबंधन के नेता राजभवन पर दबाव बनाने लगे हैं। वे सीधा राज्यपाल को चुनौती दे रहे हैं।




## तिहाड़ में बंद कैदी के पेट में 5 मोबाइल, अब निकल नहीं पा रहे हैं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** तिहाड़ जेल में बंद एक कैदी के पेट में एक या दो नहीं पूरे 5 मोबाइल पड़े हैं। हैरान हो गए! जी हां, स्मगलिंग कर जेल के अंदर लाए गए इन फोन को कैदी अन्य कैदियों को बेचकर पैसा कमाना चाहता था। लेकिन यही फोन अब इस कैदी के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। कैदी के पेट में पड़े यह फोन निकल नहीं पा रहे हैं। इसके लिए जेल अधिकारी एक्सपर्ट डॉक्टर की सलाह ले रहे हैं कि कैसे कैदी की जिंदगी बचाई जाए और इन फोन को निकालकर जब्त किया जाए। सूत्रों ने बताया कि हैरान कर देने वाला यह मामला तिहाड़ की जेल नंबर-1 का है। जहां हाई सिक्योरिटी में बंद एक कैदी के पेट में 5 मोबाइल फोन होने का पता लगा। हत्या, लूट और डकैती में बंद यह विचाराधीन कैदी कुछ दिनों पहले कोर्ट डेट पर जेल से बाहर गया था। जहां से यह 5 मोबाइल निगल कर जेल आ गया। जेल की ड्योढ़ी यानी जेल के एंट्री गेट पर कैदियों की तलाशी लेने के लिए तैनात टीएसपी ने इसकी जांच की। जहां यह जांच को गच्चा देने में कामयाब हो गया। इसके बाद जेल में अंदर जाने पर इसने पेट के अंदर पड़े मोबाइल फोन को निकालने की कोशिश की। लेकिन सफल नहीं हुआ।

## शेयर बाजार में भारी गिरावट

**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के शुरुआती कारोबार दिन सोमवार को शेयर मार्केट में भारी गिरावट देखने को मिली। संसेक्स करीब 1250 अंक या 2.06 फीसद नीचे 57623.25 पर जबकि निफ्टी 361.50 अंक या 2.06फीसद नीचे 17197.40 पर कारोबार कर रहा था। टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस और विप्रो में 1-5फीसद की गिरावट देखने को मिली। लार्जकैप, मिडकैप और स्मालकैप हर सेग्मेंट में कमजोरी नजर आ रही है। निफ्टी बैंक, फाइनेंशियल, आईटी और आईटी इंडेक्स कमजोर हुए हैं।

# नितिन गडकरी बोले- कांग्रेस में जाने की मिली थी सलाह पर मैंने कहा ,कुंए में कूदना उससे बेहतर होगा

**नागपुर ,ईएमएस।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि उन्हें एक दोस्त ने कांग्रेस में जाने का सुझाव दिया था, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया था। रविवार को नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त और कांग्रेस के नेता श्रीकांत जिचकर ने मुझे सलाह दी थी कि भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आ जाऊं। इस पर मैंने कहा कि मेरी विचारधारा उससे मेल नहीं खाती है। मैं कुंए में कूद जाऊंगा, लेकिन कांग्रेस में शामिल नहीं हो सकता। नितिन गडकरी ने कहा कि यह उस दौर की बात है, जब मैं छात्र नेता था और भाजपा को अकसर हार का सामना करना पड़ता था। नितिन गडकरी ने कहा कि जब आपको सफलता मिलती है और उसकी खुशी आपको अकेले होती है तो फिर उसका कोई मतलब नहीं है। यदि आपको मिली सफलता की खुशी आपके साथ काम करने वाले लोगों को भी होती है तो फिर यह अच्छी होती है। उन्होंने कहा कि कारोबार हो या फिर राजनीति मानवीय संबंध दोनों में ही अहम हैं। उन्होंने कहा कि कैसे भी हालात हों, किसी को इस्तेमाल करके फेंकना नहीं चाहिए। नितिन गडकरी ने रिचर्ड निक्सन की एक बात का जिक्र करते हुए कहा कि कोई व्यक्ति हारने से खत्म नहीं होता, लेकिन मैदान छोड़ने से खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए कि अहंकार और आत्मविश्वास में क्या फर्क होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी आदमी परफेक्ट नहीं होता है। यदि हम अपने ही दोस्तों की अच्छी बातों को पर्सनैलिटी का हिस्सा बना सकें तो खुद को सुधार सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा, चकिसी को भी 'इस्तेमाल करो फेंको' की दौड़ में नहीं शामिल होना चाहिए। अच्छे दिन हों या बुरे दिन, जब एक बार किसी का हाथ थाम लें, उसे थामें रहें। उगते सूरज की पूजा न करें।ज नितिन गडकरी अकसर अपने बेबाक बयानों के लिए चर्चा में रहते हैं। पिछले दिनों भाजपा ने संसदीय बोर्ड का पुनर्गठन किया था, जिसमें नितिन गडकरी को शामिल नहीं किया गया था। इस घटनाक्रम की भी काफी चर्चा हुई थी। नितिन गडकरी को मोदी सरकार के बेस्ट परफॉर्मिंग मंत्रियों में माना जाता है।



## नड्डा ही संभालेंगे 2024 तक भाजपा की कमान!

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा 2024 लोकसभा चुनाव तक दल की कमान संभाल सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। जनवरी 2023 में उनका मौजूदा कार्यकाल खत्म हो रहा है। अब खबर है कि पार्टी उन्हें एक साल का विस्तार दे सकती है। अटकलें लगाई जा रही हैं कि उनके बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान यह पद संभाल सकते हैं। एक निजी चैनल की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि नड्डा 2024 तक पार्टी प्रमुख बने रह सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि इस बात की संभावनाएं इसलिए हैं, क्योंकि नड्डा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच रिश्ते अच्छे हैं और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ भी उनके काम का हिसाब अच्छा है। फिलहाल, यह भी साफ नहीं है कि उन्हें पूरे कार्यकाल के लिए दोबारा अध्यक्ष बनाया जाएगा या नहीं।रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने कहा, च्पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के सामने नड्डा की अच्छी छवि और संबंध हैं। 2024 लोकसभा चुनाव बहुत अहम हैं ।



## यंत्र इंडिया लि.ने वापिस लिया 5 दिन के सप्ताह का प्रस्ताव

जबलपुर यशभारत।ओएफबी से7आयुध निगमों में तब्दील हुए एक निगम यंत्र इंडिया लिमिटेड ने अपने निगम में पांच दिन के सप्ताह के प्रस्ताव में सभी कर्मचारियों से अभिमत लेने के आदेश को लेकर कर्मचारियों और महासंघ के विरोध को देखते हुए विगत25अगस्त को जारी किया आदेश दो दिन बाद27अगस्त को अंततः वापिस ले लिया।यंत्र इंडिया लिमिटेड के आदेश जारी होने के बाद उक्त निगम में शामिल आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों के साथ उनके अखिल भारतीय संगठन एआईडीईएफ ने गहरी आपत्ति जताई थी।फेडरेशन ने इसके लिए रविवार को सभी आयुध निर्माणी की उनसे मान्यता प्राप्त यूनियनों के साथ फेडरेशन के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई थी।लेकिन उसके पहले ही यंत्र इंडिया ने आदेश रद्द करने के आदेश जारी कर दिये थे। इस संबंध में यशभारत से चर्चा करते हुए एआईडीईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस एन पाठक ने कहा कि निगम अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर कार्य करने की जहमत उठा रहा है जिसे किसी भी कीमत पर मंजूर नहीं किया जा सकता है।वहीं राष्ट्रीय महासचिव सी श्रीकुमार ने कानूनी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रक्षा मंत्री ने स्वयं ने लिखित में कहा है कि आयुध निर्माणी बोर्ड के निगमों में परिवर्तित किये जाने पर कर्मचारियों की सेवा शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।इसके साथ ही कर्मचारियों की सेवा शर्तों को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया है।इसी के साथ सरकार जो सेवा शर्तों को परिवर्तित करने के लिए सक्षम नियामक है उसने कोई बदलाव नहीं किया है।यंत्र इंडिया लिमिटेड अपनी सीमा से बाहर जाकर यह कार्य कर रहा है अवैधानिक है।यदि कोई भी निगम ऐसा करने की कोशिश करता है तो एआईडीईएफ चुप नहीं बैठेगा। उल्लेखनीय है कि ओएफबी की सेवा शर्तों के अनुसार6दिन के साप्ताहिक कार्य दिवस में कर्मचारियों को पौने45घंटे कार्य दिवस तय है।इसलिए नेताओं का मानना है कि इससे छड़खानी नहीं की जा सकती है।ऐसा होने पर अनेक विसंगतियां पैदा हो जायेंगी।दूसरी ओर यंत्र इंडिया लिमिटेड के पहले परिपत्र के अनुसार आयुध निर्माणी भुसावल के कर्मचारियों को निर्देश दिया गया था कि वे पांच दिन के साप्ताहिक कार्य दिवस स्वीकार या अस्वीकार अपना अभिमत दें।दूसरा परिपत्र जारी करते हुए यंत्र इंडिया की ओर से कहा गया कि यह निगम का कोई निर्णय नहीं है अपितु कर्मचारियों से मात्र खुला विचार विमर्श उद्देश्य रहा है।फिलहाल आयुध निर्माणियों में पांच दिन का सप्ताह का मामला ठंडा हो गया है।

**एआईडीईएफ ने जताया विरोध तो दो दिन बाद आदेश किया रद्द**

# जी-23 अब भी करेगा बवाल?

## CWC मीटिंग में सोनिया गांधी के सामने आनंद शर्मा ने उठा दिया सवाल

**नई दिल्ली ,ईएमएस ।** कांग्रेस ने अपने अध्यक्ष के चुनाव के लिए तारीख तय कर दी है। रविवार को हुई कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में इस बात पर चर्चा हुई और 17 अक्टूबर को वोटिंग कराने का फैसला लिया गया। 19 अक्टूबर को वोटों की गिनती होगी और रिजल्ट का ऐलान किया जाएगा। यदि कोई एक ही नेता अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आवेदन करता है तो फिर 8 अक्टूबर को ही रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। लेकिन इस दौरान भी अलग ही नजारा देखने को मिला। जी-23 ग्रुप के सदस्य और सीनियर नेता आनंद शर्मा ने मीटिंग में इस बात पर ऐतराज जताया कि निचले स्तर पर पदाधिकारियों के लिए चुनाव नहीं होता है। इसके अलावा उन्होंने उन प्रतिनिधियों की लिस्ट भी मुहैया कराने की मांग की, जो अध्यक्ष के चुनाव में हिस्सा लेंगे। इस मीटिंग में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने विदेश से ही वर्चुअल मोड में हिस्सा लिया। इसके अलावा कांग्रेस वर्किंग कमेटी के कुछ सदस्यों ने 24 अकबर रोड से ही हिस्सा लिया। इस दौरान आनंद शर्मा ने चुनाव पर सवाल उठा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के संविधान के आर्टिकल 8 से 13 में कहा गया गया है कि कांग्रेस की सभी प्राइमरी कमेटियों, बूथ, ब्लॉक और जिला कमेटियों में चुनाव होना चाहिए। उन्होंने इस मामले में सोनिया गांधी से दखल देने की मांग की। इस पर सोनिया गांधी ने चुनाव समिति के मुखिया मधुसूदन मिस्त्री से कहा कि वह आनंद शर्मा की चिंताओं को दूर करें। आनंद शर्मा ने इकनॉमिक टाइम्स को बताया कि मैंने संविधान के तहत ही बदलाव की मांग की थी। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि सोनिया गांधी ने मेरी बात को सुना और मधुसूदन मिस्त्री से उस पर काम करने को कहा। वहीं मिस्त्री का कहना है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में शामिल होने वाले प्रतिनिधिनयों की लिस्ट प्रत्याशियों की ही मिल सकती है। इसके अलावा लिस्ट की मांग करने वाले नेताओं को यह मुहैया कराई जा सकती है। इस मीटिंग में केसी वेणुगोपाल, मधुसूदन मिस्त्री, जयराम रमेश समेत कई नेता शामिल हुए। बता दें कि आनंद शर्मा भी उस जी-23 ग्रुप का हिस्सा रहे हैं, जिसने सोनिया गांधी को लेटर लिखकर बदलावों की मांग की थी। गुलाम नबी आजाद ने हाल ही में कांग्रेस छोड़ी है और जम्मू-कश्मीर में अपनी पार्टी बनाने का ऐलान किया है। ऐसे में आनंद शर्मा की ओर से सवाल उठाए जाने से इस बात की चर्चा फिर से तेज हो गई है कि क्या जी-23 समूह अब भी कांग्रेस हाईकमान के लिए परेशानी का सबब होगा।



## एक दशक से हो रही मांग, शुरू हुई तो कटनी से इंदौर की बस सेवा

# कटनी देश का इकलौता शहर जहां 590 किलोमीटर चलती है सिटी बस

**कटनी,यशभारत।** आपने कभी सुना है कि कोई सिटी बस करीब 6 सौ किलोमीटर चलती हो? नाम कटनी सिटी बस और दूरी दस बीस किलोमीटर नहीं वरन 590 किलोमीटर। यह कोई योजना नहीं बल्कि कटनी में चल रही सिटी बस है। करीब एक दशक से कटनी में सिटी बस सुविधा की मांग जारी है इस बारे में नगर निगम ने जितनी औपचारिकताएं पूरी कीं वह भी अपने आप में एक मिशाल ही है। बात टेंडर तक पहुंच गई कभी कभी तो ऐसा लगा कि कटनी के लोग सिटी बस मे ही सफर कर रहे हैं। फिर एक दिन ऐसा भी आया कि कटनी सिटी बस की सुविधा के नाम पर एक बस का शुभारंभ प्रभारी मंत्री तथा भाजपा के तमाम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। लेकिन इसमें अगर आप बैठे तो पहुंच जाएंगे इंदौर। शहर को सिटी बस सुविधा नहीं मिल पा रही है। अधिकारियों के पास इसका समुचित जवाब नहीं है। जब इस संबंध में बात की जाती है। बस यही जवाब होता है कि बस सिटी बस शहर को अगले महीने ही मिल जाएगी लेकिन महीने दर बीतते जा रहे हैं। ऐसे में अब सवाल है कि आखिर शहर की सिटी बस सेवा कहां रुक रही है। शहर में सिटी बस चलने का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। इसके बाद अधिकारी मामले तारीख को आगे बढ़ाते जा रहे हैं लेकिन शहर में सिटी बस का सपना पूरा होता नहीं दिख रहा है। मार्च के बाद कैमोर, विजयराघवगढ़ सहित अन्य शहर से लगे क्षेत्रों में बस चलाने के लिए निविदा बुलाई गई थी। हालांकि निविदा का दौर कई वर्षों से जारी है लेकिन शहर को आरामदायक सार्वजनिक परिवहन नहीं मिल पा रहा है। मामले में कागजों से फाइल निकल पा रही है। प्रक्रिया निविदा पर अटकी है। सड़क परिवहन निगम (रोडवेज) बंद होने से निजी बस ऑपरेटर मौज में थे, तो यात्री किराया, अभद्र व्यवहार और मनमानी का सामना कर रहे थे। लेकिन अब शासन के नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने रोडवेज का तोड़ निकालते हुए दीनदयाल सिटी बस सर्विसेस कटनी लिमिटेड बना दिया है। इसका संचालन प्रशासनिक अधकारियों के साथ नगरनिगम द्वारा किया जाएगा। इसके लिए निविदा बुलाकर बसों का अनुबंध भी किया गया है। लक्जरी व आधुनिक सुविधाओं से लैस बसें लोकल रूट के अलावा अन्य रूटों में पर भी दौड़ेंगी। इसके लिए विभिन्नाा क्लस्टर बनाए गए हैं। इसमें कटनी, सतना, जबलपुर सहित अन्य कलस्टरों में बांटे जाएंगा। बसों का संचालन प्रियदर्शिनी बसस्टैंड से होगा। जल्द ही बसों के चलने का समय, स्टापेज, किराया आदि का निर्धारण होगा।



### निर्धारित स्थान पर ही स्टापेज होगा

बस स्टाफ, डिपो स्टाफ, डीजल, रखरखाव, किराया निर्धारित किया जाएगा। बसों की खासियत होगी कि यह निर्धारित स्टापेज पर ही रुकेंगी और तय समय में अपनी दूरी तय करेंगी। बसों के भीतर आगामी स्टापेज आने की सूचना कंप्यूटरीकृत डिस्पले से साउंड के साथ मिलेगी। इससे यात्री स्टाप आने से पहले ही अलर्ट हो सकेंगे।



## बॉर्डर देखने जाएंगी साक्षी और अंकिता

**कटनी,यशभारत।** शहर की दो छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय सीमा भ्रमण का मौका मिलेगा। मध्यप्रदेश शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मां तुझे प्रणाम कैंप में सिलेक्शन पर अगले माह छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की मां तुझे प्रणाम कैंप अंतरराष्ट्रीय सीमा भ्रमण का आयोजन किया जा रहा हैं । जिसमें दो छात्राएं कुमारी साक्षी सोनिया नेहरू युवा केंद व अंकिता दुबे शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद को शामिल किया गया है जिसमें छात्राओं को करीब से बॉर्डर देखने का अवसर प्राप्त होगा।

## युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने विविध कार्यक्रम



**कटनी, यशभारत।** यूथ कटनी नगर की समाजसेवी संस्था युवाओं में प्रतिभा निखारने के लिए मंच प्रदान करती है। युवाओं मैं देशभक्ति की भावना जागृत करने हेतु एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेहंदी, रंगोली, कुकिंग,बेस्ट आउट आफ वेस्ट और राखी बनाओ प्रतियोगिताओ का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नई बस्ती कटनी में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं संस्था अध्यक्ष श्रीमती अनु शशांक श्रीवास्तव ने विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यस्थापक चन्द्र प्रकाश बरसैया रहे। सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य पुरषोत्तम माली, आचार्य श्रीमती बबिता दत्ता एवम शक्ति तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती शालनी सोनी द्वारा किया गया। बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता में छवि निषाद ने प्रथम स्थान, सागर खटीक /प्रणव अग्रवाल ने द्वितीय स्थान आदित्य तिवारी/आयुष तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राखी प्रतियोगिता में स्वामी कुशवाहा ने प्रथम स्थान सोनिया द्विवेदी ने द्वितीय स्थान और यशिका चंदवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया रंगोली प्रतिस्पर्धा में सौम्या जैन ने प्रथम स्थान महक निषाद ने द्वितीय स्थान और यशिका चंदवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता के जूनियर ग्रुप में राधिका राजपूत ने प्रथम स्थान शालिनी निषाद ने द्वितीय स्थान और आकांक्षा वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में नैना साहनी ने प्रथम स्थान रश्मि साहू ने द्वितीय स्थान एवं दीपाली चंदवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुकिंग प्रतिस्पर्धा में स्वर्णिमा ने प्रथम स्थान हर्ष यादव ने द्वितीय स्थान और सानिया सोनी )अनोखी सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में श्रीमती अनुपमा सिंह श्रीमती ललिता गट्टानी श्रीमती रेनू गट्टानी सुश्री रजनी वर्मा श्रीमती श्रीमती अर्चना पुरवार, ममता पटेल, श्रीमती रश्मि बघेल, ,जयश्री मित्तल, अनामिका श्रीवास्तव शांभवी श्रीवास्तव, सर्जना कंदेल, हंसा खंडेलवाल, ,अनीता वैश्य, रूबी बरसैया महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजक ग्रुप में पूनम अग्रवाल, सीमा लहरिया, प्रीति राय प्रीति तिवारी, रंजना गुप्ता, नंदिनी गुप्ता वंदना सोनी, नीलिमा असौडिया कविता कनकने और आरती राय की सक्रिय भूमिका रही। इस कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय वार्डस्ले उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,जैन स्कूल, शासकीय कन्या महाविध्यालय और सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया । कार्यक्रम में यूथ कटनी के सदस्य उपस्थित सदस्य सुनीता चौदह ,दीपाली गुप्ता, मंजुला गुप्ता, उमा भगेरिया, शिवाली गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, किटी गुप्ता, नीतू गुप्ता, वंदना सोनी, रोशनी टीपा, शालिनी सोनी, आकांक्षा बरसैन्या, नीलिमा असौड़िया, पूनम अग्रवाल, नंदिनी गुप्ता,शोभना खमपरिया, रोशनी टीपा, नीतू गुप्ता, दीपाली गुप्ता, किटी गुप्ता, शिल्पी गुप्ता, शिवाली गुप्ता, मंजुला गुप्ता शालिनी गुप्ता, प्रीति तिवारी, संगीता जायसवाल, संगीता मेघानी, हेमा बगड़िया, अनिता जैस्वामी, पूर्व पार्षद शिल्पी सोनी की विशेष उपस्थिति सराहनीय रही।

## हैवी साड़ी को छोड़ इस बार हरतालिका तीज पर ट्राई करें ये स्टाइलिश सूट डिजाइन



**कटनी, यशभारत।** हिंदू धर्म में हरतालिका तीज का बहुत महत्व होता है। इस बार ये त्योहार 30 अगस्त को मनाया जाएगा। महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत करती हैं और सोलह श्रृंगार कर भगवान शंकर और गौरा माता की पूजा-अर्चना करती हैं। इस दौरान महिलाएं तरह-तरह के डिजाइनर और लेटेस्ट कपड़े पहनती हैं। हालांकि, अधिकतर महिलाएं हरतालिका तीज पर साड़ी पहनना पसंद करती हैं, लेकिन अगर इस बार आप कुछ हटके और अलग ट्राई करना चाहते हैं तो इन सूट डिजाइन को ट्राई कर सकते हैं।

### अनारकली सूट करें ट्राई

हरतालिका तीज के मौके पर अगर आप साड़ी की जगह कुछ अलग ट्राई करना चाहते हैं, तो आप अनारकली सूट पहन सकते हैं। इस दिन हरा रंग पहनना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप करीना कपूर के इस लुक से इंस्पायर होकर हरे रंग की अनारकली को पहन सकते हैं। इसके साथ अपने लुक को कंप्लीट करने के लिए उन्होंने सिर्फ इयररिंग्स कैरी किए हैं।

### अनारकली और शरारा

शरारा के साथ से प्लेन कुर्ता ही नहीं इन दिनों अनारकली पैटर्न के कुर्ते भी खूब चलन में है। ऐसे में आप हरतालिका तीज के मौके पर हरे रंग के शरारे के साथ हरे रंग का शॉर्ट अनारकली कुर्ता कैरी कर सकते हैं। बालों को हल्के कर्ल्स करके आप बड़े से झुमके कैरी करें।

### गरारा कुर्ता


इन दिनों गरारा यानी कि लहंगा और कुर्ता भी खूब चलन में है। ऐसे में अगर आप कुछ हैवी ट्राई करना चाहते हैं तो गरारा, कुर्ता और चुन्नी ट्राई कर सकते हैं। इसमें आप देखेंगे कि चुन्नी और गरारा हैवी है, इसके साथ सिर्फ पतला सा बॉर्डर वाला कुर्ता कृति सेना ने कैरी किया हुआ है।

### तीज पर ट्राई करें बांधनी सूट

*बांधनी हमेशा फैशन में रहता है। इसके सूट से लेकर साड़ी और लहंगे तक खूब चलन में है। हरतालिका तीज के मौके पर आप आलिया भट्ट से इंस्पिरेशन लेकर इस तरह का बांधनी का सूट कैरी कर सकते हैं। आप देख सकते हैं कि इसमें उन्होंने एक ही प्रिंट और कलर की चुन्नी, कुर्ता और प्लाजो पहना हुआ है। साथ ही अपने बालों को जुड़ा किया है और कान में बड़े इयररिंग्स पहने हैं। अपने लुक बेहद सिंपल रखते हुए उन्हें माथे पर एक छोटी सी बिंदी लगाई हुई है।*

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज

रोजाना 3 शो ता. 26 से 12,3 एवं सायं 6 बजे से

लाइगर

कलाकार- विजय देवराकोंडा, अनन्या पांडेय, राम्या कृष्णन, रोनित राय आदि।

टिकट दर

बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-










## डिस्ट्रिक्ट राइफल एवं पिस्टल शूटिंग एसोसिएशन ने किया खिलाड़ियों का सम्मान

**कटनी, यशभारत।** डिस्ट्रिक्ट राइफल एवं पिस्टल शूटिंग एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। हाल ही में संपन्न हुई 25 भी राइफल एवं पिस्टल शूटिंग स्टेट चैंपियनशिप में जिले के 12 खिलाड़ियों ने प्रतिभागिता निभाई। अब यह खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप के बाद फ्री नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप के लिए मुंबई महाराष्ट्र के लिए रवाना होंगे।

इन खिलाड़ियों को मिली इस सफलता के लिए शहर में स्थित रेवा राइफल शूटिंग एकेडमी ने सम्मान समारोह आयोजित किया, जिसमें कटनी डिस्ट्रिक्ट राइफल एवं पिस्टल राइफल शूटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, गरिमा विश्वकर्मा, विनीत विश्वकर्मा, सौरभ, कोच संकल्प शुक्ला, शिवम विश्वकर्मा, प्रतीक हलदकार, शुभी आदित्य, शोभित द्विवेदी, आदित्य भारद्वाज, अभीमन्यु, सानिध्य द्विवेदी, अथर्व त्रिपाठी, रायशा मुखर्जी, शहनाज खान, विशाल प्रजापति सभी खिलाड़ी सम्मिलित हुए।

सिटी मॉल बरही रोड में



26 अगस्त से

रोजाना 4 शो


01:00 PM
04:00 PM
07:00 PM
10:00 PM

LIGER

(हिन्दी में)

टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

सिटी मॉल बरही रोड में



26 अगस्त से

FRIDAY : 12 PM, 6 PM, 9 PM
SATURDAY : 12 PM, 6 PM
SUNDAY : 12 PM, 6 Pm
MONDAY: 12 PM, 3 PM, 6 PM
TUESDAY : 12 PM, 3 PM, 6 PM
WEDNESDAY : 12 PM, 3 PM, 6 PM, 9 PM
THURSDAY: 12 PM, 3 PM, 6 PM, 9 PM

KARTHIKEYA 2

(हिन्दी में)

टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

सिटी मॉल बरही रोड में



26 अगस्त से


FRIDAY : 2:30 PM
SATURDAY : 2:30 PM, 9:00 PM
SUNDAY : 2:30 PM, 9:00 PM
MONDAY : 9:00 PM
TUESDAY : 9:00 PM

ANTER YATRI MAHAPURUSH

(हिन्दी में)

टिकट अवेलेबल ऑन बुक माय शो

## कोई बच्चों को रास्ते में उतारने में जुट गया तो किसी ने वाहन की स्पीड बढ़ा ली



**कटनी, यशभारत।** भले ही यह जांच का उचित तरीका लगे लेकिन इसे बच्चों की दृष्टि से बिल्कुल भी सही नहीं कहा जा सकता शहर के सिविल लाइन क्षेत्र के शहर के एक प्रमुख बड़े स्कूल सेंटपॉल के बाहर जो नजारा दिखा उसे भले ही शासन प्रशासन या फिर कुछ लोग उचित कहें पर यह तरीका सही नहीं है। गत दिवस आरटीओ ने स्कूल के बाहर आटो चालकों तथा अन्य वाहनों की अचानक जांच शुरू की। इससे यहां हड़कंप के बीच वाहन चालक जिनमें कुछ में बच्चें भी बैठे थे। इन लोगों ने अपने वाहन को अत्यंत तेज गति से भगाया जिससे किसी दुर्घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता था यहीं नहीं कई स्कूल बच्चों को लाने ले जाने वाले आटो चालक जांच टीम को देख कर यहां से रफूचक्कर हो गये जिससे बच्चों को घर पहुंचने का साधन नहीं मिला और बच्चे स्कूल में तो अभिभावक घरों में बच्चों की चिंता में परेशान होते रहे। आपको बता दें कि सिविल लाइन में संचालित होने वाले एक प्रमुख स्कूल के बाहर बुधवार को उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब स्कूल वाहनों की जांच के लिए परिवहन विभाग की टीम पहुंची। टीम को देखकर कोई बच्चों को रास्ते में उतारने में जुट गया तो कोई वहां से ऑटो सहित अन्य वाहन ही भगा ले गया। स्कूली वाहनों में मनमानी पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने जांच की। जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे के निर्देशन में जितेंद्र सिंह बघेल की उपस्थिति में वाहनों की जांच की गई। ओवरलोडिंग, नियमों का पालन न करने वाले व दस्तावेज आदि न होने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई। श्री बघेल ने बताया कि 12 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। बता दें कि कार्रवाई से बचने के लिए कई वाहन चालकों ने अपने साथियों को फोन कर दिया था कि वाहनों की जांच हो रही है तो कई वाहन चालक बच्चों को लेने ही नहीं पहुंचे। ऐसे में अभिभावक भी परेशान हुए। स्कूल वाहन न आने से अभिभावकों को बच्चों को स्कूल छोडने जाना पड़ा। बता दें कि यह स्थिति सिर्फ एक स्कूल में नहीं है बल्कि अधिकांश निजी स्कूलों में चल रही है। नियमों को ताक में रखकर बच्चे ढोए जा रहे हैं।

यशभारत
# सिटी न्यूज
कटनी, सोमवार, 29 अगस्त 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# बिस्तरा के ग्रामीणों को नहीं मिला योजनाओं का लाभ

## कलेक्टर से मिलकर बताई पीड़ा, कहा- न पीएम आवास मिला और न ही पट्टा



**कटनी, यशभारत। ग्राम पंचायत बिस्तरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को एक शिकायत देकर कहा है कि उन्हें आज तक किसी भी योजना का लाभ नहीं मिली। न तो आवासीय पट्टे का लाभ दिया गया और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मिले। योजनाओं का लाभ नहीं मिलने की वजह से ग्रामीणों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

कलेक्टर को दी गई शिकायत में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बिस्तरा वार्ड नंबर एक के आदिवासी मोहल्ला के लगभग 40 घरों के गरीब आदिवासियों को किसी भी योजना का लाभ नहीं मिला है, जबकि सभी लोग ग्राम पंचायत बिस्तरा के स्थायी व मूल निवासी है तथा इस स्थान पर 100 वर्ष पूर्व से निवासरत चले आ रहे हैं। किसी के पास भी कोई पक्का मकान नहीं है। किसी के पास शासकीय, अर्द्धशासकीय नौकरी नहीं है और सभी भूमिहीन हैं। शासन की योजना के तहत किसी भी प्रकार का कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। दैनिक मजदूरी कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, इसके अलावा आय का कोई साधन नहीं है। भूमिहीन होने के कारण अपने ग्राम पंचायत विस्तरा के सरपंच, सचिव, सहायक रोजगार से शासन के नियमानुसार योजना का लाभ प्राप्त करने संबंधी आवेदन देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्राम पंचायत विस्तरा के सचिव, सहायक सचिव द्वारा कहा जाता है कि जब तक हम लोग इस पद पर रहेंगे, तब तक इस वार्ड को ऐसा ही रखा जाएगा।



# आत्मशुद्धि का महापर्व पर्युषण 31 अगस्त से

**जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ ही होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**कटनी, यशभारत।** जैन समाज के 10 दिवसीय आत्मशुद्धि का महापर्व पर्युषण पर्व आगामी 31 अगस्त मंगलवार से शुरू हो रहा है। इस अवसर पर नगर के सभी जैन मंदिरों में प्रतिदिन सुबह पूजा, अर्चना, अभिषेक एवं दोपहर में तत्वार्थ सूत्र, रात्रि में पर्व के 10 धर्म उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, अकिंचन, ब्रम्हचर्य पर मांगलिक प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक जैन मंदिरों में पूजन-अर्चन के साथ ही मांगलिक प्रवचन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम जैन बोर्डिंग हाउस परिसर में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर नगर में स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर, श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन सिंघई मंदिर, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन कांच मंदिर, श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर रूंगटा कॉलोनी, श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन बंगला मंदिर, श्री 1008 मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन गौशाला मंदिर में पर्यूषण पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।



# साक्षी नेहरू युवा मंडल ने किया पौधारोपण

**कटनी, यशभारत।** साक्षी नेहरू युवा मंडल की टीम ने कुठला स्थित मुक्तिधाम में रविवार को वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पीपल, बेल, बरगद, नीम के अलावा फलदार आम, बिही, नीबू, जामुन और तुलसी के पौधे रोपे गए। उल्लेखनीय है कि कुठला स्थित गौठान के समीप बने मुक्तिधाम में साक्षी नेहरू युवा मंडल ने श्रमदान शिविर के माध्यम से 2005-06 में टीन शेड का निर्माण किया था। अध्यक्ष संजय खरे ने बताया कि नगर निगम की उदासीनता के चलते इस मुक्तिधाम में अवैध कब्जा बढ़ता जा रहा है। यहां साफ सफाई का भी लगातार अभाव बना हुआ है। पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव की पहल पर पिछले वर्ष यहां एक हैंडपंप का खनन किया गया था। साक्षी नेहरू युवा मंडल के अध्यक्ष संजय खरे ने महापौर एवं आयुक्त को पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि इस मुक्ति धाम को भूमाफियाओं के चंगुल से बचाया जाए, साथ ही इसमें पक्की बाउंड्री वाल बनाई जाए। एक शेड की भी आवश्यकता है। वृक्षारोपण में रवि खरे, जय पटेल, कमल राजू खरे सहित संस्था के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## भोपाल में 16 अक्टूबर को होगा मुस्लिम परिचय सम्मलेन

**कटनी, यशभारत।** भोपाल की सामाजिक संस्था जेनिथ आर्गेनाइजेशन और सालेहाशादी डॉट कॉम द्वारा 32वां रिश्तो का तारूफी प्रोग्राम परिचय सम्मलेन का आयोजन 16 अक्टूबर को भोपाल में किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में मध्यप्रदेश के सभी शहरों से माता पिता अपने शादी योग्य युवक एवं युवतियों के साथ रिश्ते की तलाश के लिए शामिल होंगे। मध्यप्रदेश के अलावा सभी लोग ऑनलाइन प्रोग्राम में जुड़कर अपना परिचय कराकर रिश्ते तलाश सकते हैं। प्रोग्राम में शामिल होने के लिए जूम एप से लिंक के जरिये जुड़ सकेंगे। संस्था ने रिश्ते तलाशने के लिए एक वेबसाइट भी लांच की हैं, जिसमे लॉगिन होकर अपना बायोडाटा उपलोड कर सकते हैं, इसके अलावा प्रोग्राम में शामिल होने के लिए व्हाट्सप्प नंबर 8770559119, 9893067184 पर फोटो के साथ भेज सकते हैं। प्रोग्राम में भोपाल से बाहर के लोगो के लिए व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। प्रोग्राम में डिजिटल स्क्रीन पर इंट्रोडक्शन के जरिये लोगों को रिश्ते दिखाए जाएंगे और पूरा प्रोग्राम लाइव भी चलेगा। प्रोग्राम में शामिल होने के लिए पहले रजिस्ट्रेशन करना जरूरी हैं।

# मध्यप्रदेश में आम आदमी पार्टी को मजबूत करने पर जोर





## जैन धर्मशाला में कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम

**कटनी, यशभारत।** आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के आव्हान पर प्रदेश के समस्त जिलों में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कटनी जिले का कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम जैन धर्मशाला में मध्यप्रदेश के सचिव व जिला पर्यवेक्षक आशीष सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर, शहीद भगत सिंह, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम को प्रदेश सचिव श्री सिंगरहा ने सभी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय टीम द्वारा भेजे गए कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार से आज शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। अब वक्त इन्हें रोकने का है। केजरीवाल जी के मॉडल की आवश्यकता अब मध्यप्रदेश में लागू करवाने की है, जिसके लिए संगठन को मजबूत कर ऐसे भ्रष्ट दलों को जड़ से उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा, माजिद खान, आफत लाल यादव, रज्जू तिवारी, सरदार कुलदीप सिंह, आशीष तिवारी, विनोद शर्मा, श्रीमती शशि प्रभा तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव गुप्तेश्वर साहू ने किया। कई नए साथियों ने प्रदेश सचिव के हाथों आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विनय लोधी, देवेंद्र गुप्ता, प्रकाश जैन, मोनू रजक, माजिद खान, विवेक सिंह बघेल, विनोद गुप्ता, प्रियंका धुर्वे, नीलिमा मसीह, सुदामा इडनानी, हुंदराज दीवानी, अभिषेक खंपरिया, श्याम यादव, गौरव सेन, आशु तिवारी, राधे नामदेव, मनोज गोस्वामी आदि सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता साथियों की उपस्थिति रही।

## संतोख सिंह भट्टी बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के नए अध्यक्ष



**कटनी, यशभारत।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के महासचिव अरविंद गुप्ता ने बताया कि संस्था के अध्यक्ष अजय बर्मन का कार्यकाल पूर्ण होने पर नए अध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से सरदार संतोष सिंह भट्टी को 3 वर्षों के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सरदार भूपेंद्र सिंह भट्टी के पुत्र संतोष सिंह भट्टी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपते हुए संस्था के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष अजय बर्मन ने उनका नाम प्रस्तावित किया और रामेश्वर तिवारी, आकाश ताम्रकार के साथ संस्था के सभी सदस्यों ने अपने ताली बजाकर समर्थन देते हुए अध्यक्ष पद हेतु नामांकित किया। लगातार 20 वर्षों से देश सेवा राष्ट्र सेवा के लिए दृढ़ संकल्पित संस्था का अध्यक्ष नियुक्त होने पर संतोष सिंह भट्टी ने कहा कि में तन मन धन से संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों मैं अपना भरपूर योगदान प्रदान करूंगा और संस्था को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में जो भी बन सकेगा करूंगा। उन्होंने कहा की स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों के हितार्थ हमेशा संस्था के साथ कदम से कदम मिलाकर चलूंगा और सभी सदस्यों से सहयोग प्रदान करने की विनती की। उपाध्यक्ष पद हेतु रामेश्वर तिवारी, दीपक पाठक, सह सचिव आकाश ताम्रकार को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्राणनाथ शुक्ला, मुकेश पाठक, वंश गोपाल सिंह, रानी बानो, निशा वंशकार, प्रिया वंशकार, सुनीता सोनी, प्रदीप सोनी की उपस्थिति रही।

## सम्मानित हुए कायस्थ समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि



**कटनी, यशभारत।** कायस्थ समाज के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह धर्महरि चित्रगुप्त मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें सरपंच, पंच, पार्षदों का सम्मान शाल, श्रीफल, फूलमालाओं से किया गया, इसके पहले सभी कायस्थ जनों द्वारा भगवान चित्रगुप्त की महाआरती की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ एन के कर्ण एवं संचालन डॉ सुधीर खरे ने किया। कायस्थ समाज के संजीव खरे, अनिल सिंहा, पवन श्रीवास्तव, प्रदीप खरे, के सी खरे, दीपक माथुर, यू सी खरे, ए पी सक्सेना, विनीत राय खरे, राजेन्द्र खरे, राजेन्द्र निगम, पंकज निगम एवं स्वागत की कड़ी में राजेंद्र खरे, मनीष खरे, अटल ब्योहार, राजेश निगम, मनोज निगम, अमित निगम, रेवा प्रसाद खरे का सभी चित्रांशों ने स्वागत किया। सभी चित्रांश बंधुओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समिति के अध्यक्ष अशोक खरे का आभार व्यक्त किया।

# सद्भावना मैच में पत्रकार एकादश की शानदार जीत

## राष्ट्रीय खेल दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में क्रिकेट मैच का आयोजन






**कटनी, यशभारत।** राष्ट्रीय खेल दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में झिंझरी स्थित सेंटपॉल स्कूल मैदान में रविवार को पत्रकार एकादश एवं शिक्षा विभाग एकादश के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया, जिसमे पत्रकार एकादश ने शिक्षा विभाग एकादश को 33 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इसके पहले पत्रकार एकादश के कप्तान विवेक शुक्ला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज के रूप में विवेक शुक्ला एवं अंकुश रजक ने टीम को ठोस शुरूआत दी। अंकुश ने 22 एवं विवेक ने 18 रनों का योगदान दिया। इसके बाद उप कप्तान आशीष रैकवार एवं विजय बजाज ने पारी को संभाला एवं टीम का स्कोर 90 रनों तक ले गए। आशीष ने 17 एवं विजय बजाज ने 18 रन बनाकर टीम को मजबूती प्रदान की। आखिरी के दो ओवरों में मोंटू ने अच्छे स्ट्रोक लगाए और मांटी ने लगातार दो गगनचुम्बी छक्कों की सहायता से पत्रकार एकादश का स्कोर 125 के पार पहुंचाया। मोंटू ने 12 एवं मांटी ने 22 रनों का योगदान दिया। पत्रकार एकादश की ओर से अंतिम गुप्ता, प्रिंस पांडे, गणेश, अंशुल रजक, सौरभ एवं नीलेश ने भी उत्कृष्ट योगदान दिया। इस तरह पत्रकार एकादश ने 10 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 129 रनों का स्कोर बनाया। जबावी पारी खेलने उतरी शिक्षा विभाग की टीम 6 विकेट के नुकसान पर 95 रन ही बना सकी। शिक्षा



विभाग एकादश की ओर से पदमकांत पटेल, रजनीश सहित अन्य बल्लेबाजों ने उत्कृष्ट बल्लेबाजी की। इस तरह पत्रकार एकादश ने 33 रनों से मैच जीत लिया। शिक्षा विभाग एकादश की ओर से एपीसी अभय जैन, रजनीश साहू, पदमकांत पटेल, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, सौरभ राजपूत, सौरभ, सुयश बर्मन, प्रकाश मिश्रा, योगेश पांडे, सुभाष महोबिया एवं राजेश ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के उपरांत समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर रोमोनोज टोप्पो ने पहुंचकर दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड प्रदान की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पत्रकार एकादश के मोंटू को दिया गया। अपर कलेक्टर रोमोनोज टोप्पो ने अपने उद्बोधन में कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर क्रिकेट मैच का आयोजन सराहनीय प्रयास है। इस तरह के मैचों का आयोजन होते रहना चाहिए, इससे आपसी सद्भाव बढ़ता है और युवा प्रतिभाओं को अपने जौहर दिखाने का अवसर मिलता है। आज के मैच में दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मैच का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह के कुशल नेतृत्व में किया गया। मैच को सफल बनाने में जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाल, जिला खेल युवा कल्याण अधिकारी विजय भार ने मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। मैच में अंपायर की भूमिका क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाल, राजेश यादव ने निभाई, स्कोरर सुयश शुक्ला एवं कामेंट्री पर पत्रकार संतोष मिश्रा रहे। क्रीड़ांगन हेतु सेंट पॉल उमावि के फादर एवं पीटीआई ओंकार सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

mgm HOSPITAL
कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ
CINEMA KATNI
by CMW
Mittal
MALL
Paytm
book my show
From 26th August 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# पैसा मांगने वालों को बर्खास्त करो : मुख्यमंत्री

## अधूरे कामों पर शहडोल के अधिकारियों को फटकारा

**भोपाल , यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार सुबह शहडोल जिले की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। इसमें अधिकारियों के सही जानकारी नहीं देने पर फटकार लगाई। सीएम ने जल जीवन मिशन को लेकर अब तक हुए काम की अधिकारियों से जानकारी मांगी। अधिकारियों ने पहले कम काम होने की जानकारी दी और फिर बोले की करीब करीब अभी तक का लक्ष्य पूरा हो गया है। इस पर सीएम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अभी आपकी जानकारी बदल गई। सीएम ने बैठक में तुरंत एमडी, ईई सभी जोड़ने को कहा। वहीं, सीएम ने शहडोज जिले की मुख्य सड़कों की खराब हालत पर नाराजगी जताई। सीएम ने अधिकारियों को बार बार ट्रांसफर जलने की शिकायतों, बिजली के खंभों और तार को दुरुस्त करने में हो रही देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने मातृ एवं मृत्यु दर पर भी चिंता जताई।



### समीक्षा बैठक

सीएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को गरीबों से पैसा मांगने वालों पर सख्त होने को कहा। सीएम बोले की जो पैसा ले रहे है उन्हें सीधे बर्खास्त करो। जिला प्रशासन की तरफ से जानकारी दी गई कि दो लोगों पर कार्रवाई चल रही है। सीएम ने कहा कि ऐसे लोगों का शासकीय सेवा में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### गलत काम करने वालों का हटाएं

सीएम ने जिले में अपराध और बदमाशों को लेकर एसपी से जानकारी मांगी। एसपी ने कहा कि 1300 गुंडे बदमाशों की सूची बनाई है। टॉप 50 की भी बनाई है। सीएम ने कहा कि जो टॉप पर उन्हें क्रश करो। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार पर ध्यान देने की जरूरत है। कसकर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि एक टीम भावना से काम करें। जो अच्छा काम करेगा उसकी पीठ थपथपाएं। जो गलत करें उसे हटाएं।

### सीएम लगातार कर रहे बैठक

सीएम जिलों की लगातार समीक्षा बैठक ले रहे है। सिंगरौली, पन्ना के बाद शहडोल जिले की बैठक बुलाई गई। सीएम ने पन्ना जिले के कलेक्टर को भी आवास योजना के काम में लेटलतीफी को लेकर नाराजगी जताई थी। प्रदेश में एक साल बाद विधानसभा चुनाव है। सीएम जिलों और विभागों की समीक्षा बैठक ले रहे है।

# छतरपुर में स्क्रब टायफस बीमारी का मरीज मिलने से हड़कंप

### जिला प्रशासन ने सावधानी बरतने की अपील की

**भोपाल, यशभारत।** छतरपुर जिले में स्क्रब टायफस बीमारी का मरीज मिलने से हड़कंप मच गया है। जिले के ग्राम बड़ा बूढ़ा ब्लॉक ईसानगर में दो साल के बच्चे में स्क्रब टायफस बीमारी की पुष्टि हुई है। फिलहाल बच्चे को जिला अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में भर्ती किया गया है। चिकित्सकों की देखरेख में बच्चा स्वस्थ है। बच्चे में स्क्रब टायफस के लक्षण दिखने पर उसके सैंपल जांच के लिए आईसीएमआर लैब जबलपुर भेजे गए थे, जहां बीमारी की पुष्टि हुई। रविवार को जिला आरआरटी टीम एवं ब्लॉक आरआरटी टीम ने गांव का भ्रमण किया और पूरे मोहल्ले में फीवर सर्वे करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की आशा एएनएम को निर्देशित किया। जिला प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। नागरिकों से किसी भी तरह के लक्षण मिलने पर तुरंत जांच कराने की बात कही है। मध्यप्रदेश में छतरपुर से पहले भोपाल, सीधी, सतना, मंदसौर, नर्मदापुरम, खंडवा अनूपपुर आदि जिलों में भी स्क्रब टायफस बीमारी के मामले मिल चुके हैं।

### सितंबर से होंगे मरम्मत कार्य

# प्रदेश में अतिवर्षा और बाढ़ से तीन हजार किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त





**भोपाल यशभारत। प्रदेश में अतिवर्षा और बाढ़ से तीन हजार किलोमीटर सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं। इनमें से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कई सड़कों को नए सिरे से बनाना होगा। इसके लिए 293 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी। लोक निर्माण विभाग ने अतिवर्षा और बाढ़ से प्रभावित सड़कों का आकलन कराया है। सितंबर से सड़कों के नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।**

विभाग ने अतिरिक्त राशि की आवश्यकता को देखते हुए प्रथम अनुपूरक बजट के लिए प्रस्ताव बनाकर वित्त विभाग को भेज दिया है। उधर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान छह सितंबर को विभागीय समीक्षा करेंगे। इसमें सड़क, पुल और पुलिया के संधारण कार्य को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में सडकेंअधिक क्षतिग्रस्त हुई हैं। कुल तीन हजार किलोमीटर की 290 सड़कें क्षतिग्रस्त होने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसमें से 594 किलोमीटर सड़कें ऐसी हैं, जहां तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। इसके लिए 32 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। विभाग ने सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि जहां भी मरम्मत करने से काम चल सकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर काम कराया जाए।

दो हजार 613 किलोमीटर सड़कों के नवीनीकरण का काम सितंबर से प्रारंभ किया जाएगा। वहीं, जो 351 पुलियां क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि आगे कोई समस्या न आए। सेतु परिक्षेत्र के इंजीनियरों को निर्देश दिए हैं कि वर्षा रुकने के बाद पुल-पुलियों का निरीक्षण कराया जाए।

### फसल क्षति आकलन के लिए कराया जा रहा सर्वे

उधर, राजस्व विभाग फसलों को हुई क्षति का आकलन कराने के लिए प्रदेशभर में सर्वे करा रहा है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रविधान अनुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। सर्वे राजस्व, कृषि और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कर्मचारियों का संयुक्त दल कर रहा है। इसका पंचनामा बनाकर पंचायत कार्यालय में सूची भी चस्पा की जाएगी ताकि किसी का नाम छूट गया हो तो वो आवेदन कर सके। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कृषि विभाग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दावा भी प्रस्तुत करेगा। इस बार फसल बीमा के लिए 74 लाख 13 हजार 968 आवेदन आए थे। अतिवर्षा से सोयाबीन, मूंग, उ?द, तुअर, सब्जी सहित अन्य फसलों को नुकसान हुआ है। कई जगह धान की फसल भी प्रभावित हुई है।



# कारम बांध मामले में ब्लैक लिस्टेड सारथी कंपनी के कामों पर रखी जाएगी नजर

**भोपाल, यशभारत।** धार जिले के कारम बांध में गुणवत्ताहीन काम करने के मामले में हाल ही में ब्लैक लिस्टेड की गई ग्वालियर की सारथी कंपनी के अन्य कामों पर भी नजर रखी जाएगी। जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग ने इस संबंध में मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उनसे कहा गया है कि कंपनी के कामों पर पैनी नजर रखें। इसमें कोई कोताही न बरती जाए। कंपनी वर्तमान में जल संरचनाओं से जुड़े सात काम कर रही है। उसके पास सड़क निर्माण के काम भी हैं। वहीं सेंट्रल वाटर कमीशन (सीडब्ल्यूसी) ने भी कारम बांध के निर्माण में अनियमिता की जांच शुरू कर दी है।

कारम बांध मामले में गड़बड़ी और लापरवाही के लिए जिम्मेदार मानते हुए सरकार ने दिल्ली की एएनएस कंस्ट्रक्शन और सारथी कंपनी को ब्लैक लिस्टेड किया है। इन कंपनियों के पंजीयन भी निरस्त कर दिए गए हैं। इस कार्रवाई के बाद कंपनी नए काम के लिए निविदा नहीं डाल सकेंगी, पर जो काम पहले से ले रखे हैं, उन्हें तय समयसीमा में पूरा करना होगा। इन्हीं कामों को लेकर मैदानी अमले को सतर्क किया गया है। विभाग के प्रमुख अभियंता एमएस डाबर का कहना है कि निर्माण कार्यों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसीलिए मैदानी अधिकारियों को सतर्क रहने को कहा है।

कारम बांध को लेकर जल संसाधन विभाग के अपर सचिव आशीष कुमार की अध्यक्षता में दल बनाकर जांच कराई गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आई गड़बड़ी के आधार पर विभाग के आठ अधिकारियों को निलंबित किया गया है। अब इस मामले की विस्तृत जांच सेंट्रल वाटर कमीशन कर रहा है। बांध से पानी निकालने का रास्ता बनाने के समय धार पहुंचे सीडब्ल्यूसी के अधिकारी जरूरी दस्तावेज साथ ले गए हैं। इसे लेकर जिम्मेदार अधिकारियों और बांध निर्माण करने वाली कंपनी के अधिकारियों से पूछताछ भी की जाएगी।




# सूती कपड़े के दाम बढ़ने से कम हुआ टर्नओवर, साड़ियां, टावल, लट्ठा सब महंगा

**भोपाल, यशभारत।** । देश में कपास का उत्पादन कम होने और निर्यात बढ़ने से सूती कपड़ा महंगा हो गया है। इससे कारोबार पर असर पड़ा है। थोक बाजार में टर्नओवर 30 फीसदी तक कम हुआ है। व्यापारियों के मुताबिक लोग अब जरूरत का कपड़ा ही खरीद रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में काटन कपड़े की मांग में गिरावट आई है। कुछ पहले कच्चे तेल के दाम में अचानक उछाल आने से कपड़े के दाम बढ़े थे। इसके बाद ग्रे और यार्न के दाम बढ़ गए। कपड़े पर दोहरी मार पड़ी। सूती कपड़ा 40 फीसद तक महंगा हो गया। इसी बीच कच्चे तेल के दाम में कुछ कमी होने से कुछ राहत मिली लेकिन अब कपास का उत्पादन कम होने और विदेशों से मांग निकलने से घरेलू बाजार में सूती कपड़ा महंगा हो गया। बैरागढ़ में थोक कपड़ा मंडी है। व्यापारियों के अनुसार पिछले साल की अपेक्षा अब भी सूती कपड़ा 20 से 25 फीसद महंगा है। व्यापारियों का पुराना स्टाक खत्म हो चुका है। ऐसे में ग्राहक को महंगा कपड़ा ही मिल पा रहा है।

### मांग नहीं, टर्नओवर घटा

कपड़ा व्यापारियों के अनुसार ग्रामीण इलाकों में सूती कपड़े की मांग अधिक रहती है। दाम बढ़ने से मांग अचानक कम हो गई है। सूती साड़ियां कम बिक रही हैं। टावल, चादरें, लट्ठा, दोहर रजाई के कवर जैसी वैरायटी पर भी महंगाई पर मार पड़ी है। पर्दा क्लाथ एवं ओढ़ने की चादरें भी महंगी हो गई हैं। ग्रीष्मकाल में सूती कपड़े की मांग बहुत रहती है लेकिन इस बार महंगाई के कारण कारोबार कम हो गया। कपड़ा संघ के पूर्व अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी के अनुसार करीब 30 फीसद तक बिक्री कम हुई है। वर्तमान में मांग लगातार कम हो रही है।सूती कपड़ा भिवंडी एवं इचलकरंजी से आता है। कच्चे माल का दाम बढ़ने से सामान्य कपड़ा भी महंगा हो गया है। कपड़े पर पांच फीसद जीएसटी है। यह भार भी आखिरकार ग्राहक पर ही आता है। कपड़े की सभी वैरायटी के दाम बढ़े हैं, लेकिन सूती कपड़े पर महंगाई की मार अधिक पड़ी है। महंगा होने के कारण बिक्री कम हो गई है।

# शिवराज सिंह चौहान कल जाएंगे दिल्ली

## प्रधानमंत्री से मांगेंगे बाढ़ सहायता

**भोपाल ,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मंगलवार को दिल्ली जाएंगे। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान प्रदेश में अतिवर्षा और बाढ़से उत्पन्न् स्थिति, राहत व बचाव कार्य की जानकारी उन्हें देंगे। साथ ही कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक कृषि की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी देंगे।**

मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को मुख्यमंत्री का दिल्ली दौरा प्रस्तावित है। इसमें प्रधानमंत्री के अलावा कुछ केंद्रीय मंत्रियों से भी वह मुलाकात करेंगे। इस दौरान वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी भेंट कर सकते हैं। सभी जिलों से अतिवर्षा और बा? से हुए नुकसान का प्रारंभिक आकलन करके सोमवार तक जानकारी भेजने के लिए कहा गया है। इसके आधार पर नुकसान की भरपाई के लिए केंद्रीय सहायता मांगी जाएगी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का निर्माण हो रहा है। वे सभी वर्गों को मार्गदर्शन और प्रेरणा देने का काम कर रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के रचनात्मक प्रयासों का उल्लेख करके उन्होंने प्रदेशवासियों का उत्साह बढ़ाया है। अमृत सरोवर के निर्माण, कुपोषण को समाप्त करने, खेल और साहसिक गतिविधियों में भागीदारी और तिरंगा का सम्मान बढ़ाने के कार्यों में मध्य प्रदेश आगे भी उत्साह से भूमिका निभाएगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में मंडला जिले में कान्हा उद्यान के निकट मोचा ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर के निर्माण, दतिया जिले में मेरा बच्चा अभियान, भावना द्वारा यूरोप की दो ब?ी पर्वत चोटियों पर तिरंगा फहराने और इंदौर में मानव शृंखला से भारत का नक्शा निर्मित किए जाने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने हर घर तिरंगा अभियान से नागरिकों में राष्ट्र प्रेम की भावना के विकास का काम किया है।

### देवर्धा के पास हाईवे पर हादसा

# तेज रफ्तार कार पांच पलटी खाई

**भोपाल, छिंदवाड़ा,यशभारत।** छिंदवाड़ा नागपुर हाईवे पर ग्राम देवर्धा के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार में सवार दो लोगों को मामूली चोट आई है। कार सड़क पर भरे बारिश के पानी से गुजरते हुए अनियंत्रित हुई तथा देखते ही देखते सड़क से नीचे उतरते हुए पलट गई। सड़क से नीचे उतरते ही कार पांच पलटी खाई थी। क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से सीधे कराया गया तथा बाहर निकाला गया था। बताया जा रहा है कि गाड़ी में सवार व्यक्ति ने सीट बेल्ट लगाया था जिसके कारण वह सुरक्षित रहा।कार हादसा किसी राहगीर के मोबाइल में कैद हो गया जिसके बाद वह अब इंटरनेट मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि कार सीधे जा रही है और पानी के कारण चालक नियंत्रण खो देता है और कार फिर पलट जाती है। वीडियो को सांसद नकुल नाथ ने भी इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया है। सांसद नकुल नाथ ने अपने सोशल मीडिया पेज पर वीडियो को शेयर करते हुए बारिश में सावधानी से वाहन चलाने की अपील की है। बताया जा रहा है कि शहर के बिन्द्रा कालोनी निवासी विकास जयंत बोरकर रविवार को नागपुर से वापस लौट रहे थे, उनके साथ बेटा भी था। नागपुर मार्ग पर लिंगा के समीप देवर्धा में सड़क पर भरे बारिश के कारण कार अनियंत्रित हो गई थी। मोड़ पर कार पानी में से गुजरते हुए सड़क छोड़ते हुए सड़क से नीचे उतर गई तथा पलट गई। कार में सवार लोगों को मामूली चोट आई है।

### बरसात के बाद लोगों में घरों में आ रहा गंदा पानी, बढ़ रही बीमारियां

# नगर निगम और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी नहीं हो रहा सुधार, रहवासी परेशान

**भोपाल,ईएमएस।** राजधानी में बरसात के बाद लोगों के घरों में नगर निगम द्वारा मटमैले और बदबूदार पानी की आपूर्ति की जा रही है। इससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। चिकित्सक भी रहवासियों को पानी उबालकर पीने की सलाह दे रहे हैं। लेकिन नगर निगम और सीएम हेल्प लाइन में बार-बार शिकायत करने के बाद भी इसमें सुधार नहीं हो रहा है। लोग गंदे पानी की वजह से बीमार हो रहे हैं। पीने के लिए मंहगे दामों में पानी खरीदना पड़ रहा है। पुराने शहर में रेतघाट, गिन्नौरी, खानूगांव, टीलाजमालपुरा, शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद समेत अन्य इलाकों में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। रहवासियों का कहना है कि यहां नर्मदाजल की पाइप लाइन बिछाई गई है। अधिकतर इलाकों में इन पाइप लाइनों को नाली और नालों से होकर निकाला गया है। पाइप लाइन पुरानी होने से कई स्थानों पर लीकेज हो गया है। इससे नालों का पानी पाइप लाइन में रिसकर पहुंचता है। जिससे जलशोधन यंत्रों में पानी का स्वच्छ करने के बाद लोगों के घरों तक पहुंचते-पहुंचते यह गंदा हो जाता है। इसमें सीवेज और नाले का पानी मिलता है। वहीं निगम अधिकारियों का कहना है कि बरसात होने के बाद जलाशयों का पानी मटमैला हो गया है। कुछ दिनों में पानी साफ हो जाएगा। बता दें शहर में 4000 किमी कोलार, 2300 किमी नर्मदा और 3000 किमी बड़े तालाब से संबंधित फीडर पाइप लाइनें बिछाई गई हैं। इनमें से 45 फीसदी लाइनें नालों और सीवेज लाइनों के आसपास से गुजरती हैं। फीडर लाइनों में जगह-जगह लीकेज हैं। जबकि, मेन लाइन से घरों तक पहुंचने वाली आधा और एक इंच की पाइप लाइनें नाले-नालियों के बीचों-बीच से गुजरती हैं। ये भी 40 फीसदी लाइनें पुरानी हैं, जिनमें लीकेज हैं। बारिश के दौरान नाले-नालियों के साथ ही गड्ढों में पानी भरा हुआ है। सप्लाई बंद होने के दौरान बारिश का गंदा पानी पाइप लाइनों में चला जाता है और सप्लाई के दौरान लोगों के घरों तक पहुंच रहा है।



### बीते 15 दिन में जलापूर्ति की 1500 शिकायतें

नगर निगम के कालसेंटर में जलापूर्ति से संबंधित जुलाई और अगस्त महीने में 1500 से अधिक शिकायतें पहुंची हैं। इनमें करीब 800 शिकायतें घरों में गंदा और बदबूदार पानी आने की है। इनमें 40 प्रतिशत शिकायतों का निपटारा भी निगम अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया।

### टीलाजमालपुरा में एक दर्जन से अधिक रहवासी बीमार

टीलाजमालपुरा स्थित बीडीए कालोनी में रहने वाले मनीष कुमार ने बताया कि बीते 45 दिनों से घरों में आपूर्ति किया जाने वाला पानी काले रंग का आ रहा है। इसमें सीवेज जैसी बदबू आती है। लगातार ये पानी पीने पर लोगों को उल्टी दस्त हो रहे हैं। इसके संक्रमण से लोग बीमार हो रहे हैं। इससे परेशान होकर रहवासियों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर नगर निगम के कालसेंटर और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

# आवासीय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर में बाल संरक्षण पर कार्यशाला

## लघु फिल्म के माध्यम से गुड टच, बैड टच के बारे में दी जानकारी



**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के मार्गदर्शन में आवासीय आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सरसवाही में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा बालिकाओं हेतु समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गतलैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पोक्सो 2012 एवं किशोरन्याय अधिनियम 2015 पर प्रशिक्षण सहकार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला संयोजक, आदिम जाति कल्याण विभाग पूजा द्विवेदी, वनश्री कुर्वेती, सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास, मनीष तिवारी, संरक्षण अधिकारी, प्राचार्य शत्रुघन त्रिपाठी, विद्यालय के शिक्षकगण एवं विद्यालय की छात्रायें उपस्थित रहीं। कार्यशाला के प्रथम चरण में बालिकाओं को लघु फिल्म के माध्यम से गुड टचए बैड टच, विपरीत परिस्थितियों में स्वयं का बचाव करने के तरीके एव चाईल्ड लाईन की जानकारी दी गई। मनीष तिवारी, संरक्षण अधिकारी द्वारा उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षको को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम पोक्सो 2012 एवं किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के विभिन्न बाल मित्र प्रावधानों, अपराधों से बचाव के उपाय, भारसाधक अधिकारियों के दायित्व एवं बाल संरक्षण से जुड़ी विभिन्न जानकारियों के विषय में विस्तार से बताया गया। सहायक संचालक द्वारा छात्राओं को पोक्सो ई बॉक्स, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हेल्पलाईन नंबर, वन स्टॉप सेंटर एवं महिला हेल्पलाईन आदिम जाति 181 कल्याण की जानकारी विभाग दी गई। जिला संयोजक द्विवेदी ने छात्राओं को निडर होकर, विपरीत के बारे में परिस्थितियों का सामना करने की सीख दी गई एवं आत्मरक्षा के गुर बताये गए। अधिकारियों ने छात्राओं के प्रश्नों के जवाब भी दिए।



# श्री राधाकृष्ण रूप-साज-सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**कटनी,यशभारत।** संस्कार युक्त शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कटनी नगर के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर/ उच्च.माध्य.विद्यालय नई बस्ती कटनी में विवेकानंद सभागार में राधाकृष्ण रूप साज सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन अध्यक्ष, धन्य कुमार गांधी ,व्यवस्थापक, चन्द्रप्रकाश बरसैंया, समिति सदस्य श्रीमती महिमा अग्रवाल , श्रीमती सुनीता शुक्ला ,श्रीमती स्वाति पाठक, श्रीमती कुमुदरानी दुबे शिशु वाटिका प्रभारी सहित भैया/बहिनों एवं भारी संख्या में अभिभावकजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । कार्यक्रम प्राचार्य श्री पुरूषोत्तम माली के सानिध्य में हुआ । प्रतिवेदन प्रतिवेदन रवीन्द्र कुमार गर्ग ने प्रस्तुत किया । इस अवसर पर सम्पूर्ण विद्यालय परिसर एवं सभागार में सर्वत्र राधे एवं कृष्ण के रूप में सजे 100 भैया/बहिन अपनी अनुपम आभा बिखेर रहे थे । ऐसा वातावरण बना कि मानो गोकुल कटनी में ही आ गया हो । आध्यात्म एवं कृष्ण भक्ति से युक्त हो गया । इस प्रतियोगिता में श्री राधा कृष्ण के रूप में सजे नन्हें मुन्ने भैया/बहिन ने अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी । भैया/बहिन एवं अभिभाविका बहिनों ने कृष्ण भरे भजन एवं नृत्यों की सुंदर प्रस्तुतियां दी । जिन्हें सभी ने मुक्त कण्ठ से सराहा। इस अवसर पर निर्णयाकों के प्रबुद्ध निर्णय दिए गए एवं अतिथिजनों स्थान प्राप्त करने वाले भैया/बहिनों को पुरस्कार वितरण किया। इस अवसर पर व्यवस्थापक चन्द्रप्रकाश बरसैंया ने उद्बोधन में कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आज सारा वातावरण राधाकष्णमय दिखाई दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि मैं बृज में हूॅ यह आयोजन हमारे भैया/बहिनों आध्यात्मिक एवं धार्मिक विकास में सहायक होगा। अध्यक्ष धन्य कुमार गांधी ने आशीर्वचन ने कहा कि हम छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित है । आज का कार्यक्रम इसी की एक महत्वपूर्ण श्रंखला है। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती कुमुदरानी दुबे एवं रमाकांत दुबे ने किया ।



# विधानसभा चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने ली बैठक

**कटनी, यशभारत।** विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता डॉक्टर गोविंद सिंह का अल्प प्रवास कटनी में हुआ कुछ समय के लिए जिला इंटक परिषद कार्यालय में भी डॉक्टर गोविंद सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक वरिष्ठ जनों के साथ बैठकर चर्चा की जिसमें जिला परिषद के अध्यक्ष बीएम तिवारी महासचिव राजा जगवानी सहित सदस्यों के साथ साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व शहर कांग्रेस के अध्यक्ष श्याम शर्मा शिक्षक शिक्षक प्रकोष्ठ के त्रिपाठी महासचिव शुक्ला पूर्व अध्यक्ष गौर रामखेलावन गर्ग गिरधारी लाल स्वर्णकार शिवकुमार यादव प्रशांत जयसवाल सरपंच कालू दास बैरागी महेंद्र शर्मा संजय सिंह गोरा अजय जेसवानी विकल पुरस्वानी तमाम साथियों की उपस्थिति में गोविंद सिंह का पुष्प मालाओं से स्वागत कर चर्चा की गई।

# बारिश के मौसम में बच्चों ने मनाया ब्लू-डे





**कटनी, यशभारत।** सनशाइन एकेडमी रायबाड़ा कटनी में समय-समय पर बच्चों को विभिन्न गतिविधि के माध्यम से शिक्षित करने का प्रयास किया जाता है। बारिश के मौसम मे स्प्लैश डे सेलिब्रेट किया गया। इसी तरह शनिवार को स्कूल मे ब्लू डे का सेलिब्रेशन किया गया। इस दौरान बच्चो ने स्कूल मे ब्लू ड्रेस पहने व स्कूल पहुंचे और नीले रंग के खिलौने व बारिश का लुफ्त उठाया। जिससे बंच्चों को नीले रंग से रूबरू कराया गया की हमारी प्रकृति कई रंगों से मिल कर बनी है। जिसमे हमारी प्रथ्वी नीले रंग का आसमान नीले रंग की चादर ओढा है,और समुद्र और नदियों का रंग भी नीला दिखाई देता है, और उसमे पाए जाने वाले जीव जंतुओं का रंग भी नीला होता है, और बच्चों ने बारिश का भी लुफ्त उठाया। इस एक्टिविटी से बच्चों को ब्लू रंग से परिचित कराया गया इस एक्टिविटी में सभी चीजें ब्लू रंग की बनाई गयीं सभी बच्चों व शिक्षकों ने ब्लू रंग के कपड़े पहने इस एक्टिविटी का आनंद लिया ब्लू बोर्ड बनाकर उसमें ब्लू छाता, डोरेमोन व जिनी, डालफिन, स्टार फिश व सीहार्स को बनाया गया इसमें बच्चों के लिए ब्लू नाव भी तैयार की गई इसमें बच्चों ने नाविक का रोल निभाया, बच्चों के लिए शॉवर की व्यवस्था की गई थी जिसमें सभी बच्चों ने पानी में भींगते हुए डांस किया सभी बच्चे बहुत ही उत्साहित थे सभी ने एक साथ मिलकर डांस किया और अपनी खुशियाँ व्यक्त की इस एक्टिविटी का उद्देश्य बच्चों का मनोरंजन कराना और सभी बच्चे आपस में मिलजुल कर रहें और प्रकृति के हर रंग से उन्हें परिचित कराया गया सभी शिक्षकों ने भी बच्चों के साथ बहुत आनंद लिया सभी बच्चे व उनके अभिभावक भी खूश विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रोत्साहित किया बच्चों का मार्ग दर्शन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती जूही जैन स्कूल में उपस्थित रहीं एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पशुओं को खाना खिलाकर मनाया जन्मदिन



**कटनी, यशभारत।** अक्सर आपने होटल माल केक काटकर बेहद उत्साह से युवकों को जन्मदिन मनाते देखा होगा लेकिन कटनी के एक गौरक्षक गौवंश प्रेमी युवा ने अपना जन्मदिन गोवंश को खली, चुनी, चोकर ,गुड़ चना आदि पोषक आहार खिला कर मनाया।जन्मदिन मनाने का एक नया ही अंदाज स्क्क के कटनी जिले में दिखाई दिया। आपको बता दें कि कटनी में गौ रक्षा कमांडो फोर्स के द्वारा लगातार गौ संरक्षण और गोवंश के बचाव के लिए पहल सुर्खियों में रहती हैं। इस सराहनीय कार्य को देखते हुए अब कटनी की जनता भी गौवंश तथा पशुओं के प्रति कुछ संवेदनशील रहे हैं। इसी से प्रेरणा लेकर माधव नगर बंगला लाइन निवासी दिलीप लालवानी के द्वारा अपने पुत्र अनमोल लालवानी के जन्मदिन पर सड़क दुर्घटना पर घायल हुए तथा अन्य गौवंश की सेवा उन्हें खाना खिलाया गया। अनमोल लालवानी ने भी अपने जन्मदिवस पर चुनी, चोकर, दलिया, गुड, हरा चारा और फल खिलाकर एक अनोखे अंदाज में जन्मदिन मनाया तथा एक नया संदेश भी दिया। उनके इस कार्य मे दिलीप लालवानी, प्रदीप लालवानी, दिनेश लालवानी, महिमा लालवानी, नैना लालवानी, सिमरन लालवानी सहित गौ रक्षा कमांडो फोर्स के गौ सेवक शामिल रहे।

# काम्बिग गश्त में पकड़ाए बदमाश

**कटनी, यशभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि जिलेभर में काम्बिग गश्त कराई गई। इस कार्रवाई में सभी थानों के प्रभारी, अधिकारी, पुलिस बल के साथ बदमाशों की धड़पकड़ कार्रवाई की। इसमें स्थाई वारंट 5 आरोपी, गिरफ्तारी वारंट 46 आरोपी, आबकारी एक्ट 14, सट्टा एक्ट 3, जुआ एक्ट 2, 25 आर्म्स एक्ट 3, 151 का एक प्रकरण बना है। इस दौरान निगरानी गुण्डा बदमाशों की भी जांच की गई। गश्त के दौरान अपराधिक प्रवृत्तियों के लोगों पर की गई कार्यवाही।

# बिजली कर्मचारियों से अभद्रता

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में बिजली कर्मियों से अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। डीई शहर सुभाष नागेश्वर ने बताया कि शनिवार को थाना क्षेत्र की उपभोक्ता कत्तो बाई चौधरी का बकाया बिल 8 हजार 753 बकाया होने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। तभी दयाल चौधरी ने लाइनमैन दादूराम पांडे, तिलकराज उपाध्याय, राजकुमार राकेत, मीटर रीडर प्रभांशु मिश्रा के साथ गाली-गलौज की गई। शासकीय कार्य में बाधा डाली गई। इस पर रंगनाथ नगर थाना में शिकायत करते हुए एफआइआर दर्ज कराने मांग की है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com







# वृहत स्तर पर चला नाले-नालियों की सफाई का अभियान

**कटनी,यशभारत।** अति वर्षा के दौरान नगर के मुख्य मार्गो में जल प्लावन की समस्या उत्पन्न ना हो इस हेतु अभियान चलाकर नगर के विभिन्न नाले-नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। इसके साथ ही माधव नगर स्थित अमीर गंज तालाब के आसपास तथा नदी पार स्थित पीपल घाट की सफाई कराई जाकर एकत्रित कचरे के उठाव का कार्य किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा प्रथम पाली में नाले नालियों से वर्षाजल की सुगम निकासी हेतु वार्ड क्रमांक 3 पहरुआ शंकरगढ़ बस्ती, वार्ड क्रमांक 6 संजय पांडे के घर के पास, वार्ड क्रमांक 9 कनकने स्कूल गली, वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में मुख्य मार्ग की नालियों की सफाई व झाड़ियों की कटाई, वार्ड क्रमांक19 की विभिन्न गलियों में नालियों की सफाई एवं कीटनाशक दवा का छिड़काव, वार्ड कमांक 20 मुख्य मार्ग, वार्ड क्रमांक 23 मनोज जैन के निवास के पास, परख पैथोलॉजी, घंटाघर मुख्य मार्ग नालियों, वार्ड क्रमांक 35 सिक लाइन एरिया की नालियों की सफाई के साथ ही नगर के अन्य स्थलों के बड़े एवं छोटे नाले-नालियों के अपशिष्ट की सफाई कराई जाकर सुगम पानी निकासी के प्रयास किए गए। नगर के मुख्य मार्गो के डिवाइडर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ विभिन्न सार्वजनिक मार्गो पन्ना मोड़, कुठला मुख्य मार्ग, बस स्टैंड, चांडक चौक, आदर्श कॉलोनी, जालपा देवी मंदिर गली, झंडा बाजार, भट्टा मोहल्ला, लखेरा चौक एवं मुख्य मार्ग, खिरहनी फाटक से दुर्गा चौक मुख्य मार्ग, एनकेजे सब्जी मंडी सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया जाकर डोर-टू-डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखने के प्रयास किए गए।



# 308 दिन बाद पाकिस्तान से बदला पूरा

## एशिया कप में टीम इंडिया ने पाक को 5 विकेट से हराया,हार्दिक ने लगाया विनिंग सिक्स

दुबई,एजेंसी। लगभग 10 महीने पहले 24 अक्टूबर 2021 को वर्ल्ड कप के इतिहास में भारतीय टीम पहली बार पाकिस्तान से हारी थी। रविवार की रात भारत ने उस हार का हिसाब चुकता कर दिया है। एशिया कप के ग्रुप ए मैच में पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में टीम इंडिया ने 5 विकेट से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने वाली पाक टीम 19.5 ओवर में 147 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने 19.4 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।हार्दिक पंड्या भारत की जीत के हीरो साबित हुए। उन्होंने गेंदबाजी में कमाल करते हुए तीन विकेट लिए, फिर दबाव भरे पलों में बेहतरीन पारी खेलते हुए 17 गेंदों पर 33 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

### टीम इंडिया की जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई

भारतीय टीम की जीत पर प्रधानमंत्री मोदी ने टीम इंडिया को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, टीम इंडिया ने आज एशिया कप 2022 मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। टीम ने शानदार कौशल और धैर्य का परिचय दिया। जीत पर उन्हें बधाई।

### आखिरी ओवर का रोमांच

टीम इंडिया को जीत के लिए आखिरी ओवर में 7 रन चाहिए थे। पहली ही गेंद पर रवींद्र जडेजा बोल्ड हो गए। दूसरी गेंद पर दिनेश कार्तिक एक रन लेकर हार्दिक को स्ट्राइक दे दिया और पंड्या ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। ।

### टीम इंडिया से हुई बड़ी गलती

मैच में भारतीय टीम से बड़ी गलती हो गई। उन्होंने तय समय पर 20 ओवर पूरे नहीं किए, जिस कारण आखिरी के 3 ओवर में 30 गज के बाहर केवल 4 प्लेयर से ही काम चलाना पड़ा। अगर ऐसा नहीं होता तो पाकिस्तान के और कम रन बनते।

**कप्तान रोहित और विराट नहीं खेल पाए बड़ी पारी-** पाकिस्तान पर दबाव बढ़ाने के चक्कर में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली आउट हो गए। दोनों का विकेट मोहम्मद नवाज ने झटका। कप्तान रोहित ने 12 रन बनाए तो वहीं, विराट के बल्ले से 34 गेंद में 35 रन निकले। एक बार फिर कोहली भारत के लिए मैच जिताऊ पारी नहीं खेल पाए। टीम इंडिया को पहला झटका पहले ही ओवर में लगा। केएल राहुल नसीम शाह की गेंद पर जीरो पर आउट हुए। वहीं, इसी ओवर में विराट कोहली को एक बड़ा जीवनदान भी मिला। स्लिप में उनका कैच छूटा।पाकिस्तानी टीम की ओर से मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। भारत के लिए भुवनेश्वर कुमार ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। 1 विकेट आवेश खान को मिला।

**हार्दिक की घातक गेंदबाजी -** हार्दिक पंड्या ने मैच में शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट झटके। उन्होंने इफ्तिखार, रिजवान और खुशदिल को पवेलियन भेजा। तीनों विकेट इस खिलाड़ी ने शॉर्ट गेंद पर लिए। इफ्तिखार 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद रिजवान के बल्ले से 43 रन और खुशदिल ने 2 रन बनाए। इन तीनों के विकेट गिरने के बाद अर्शदीप सिंह और भुवनेश्वर कुमार ने भी पाकिस्तान के 2 और विकेट लिए। पहले भुवी ने आसिफ अली को आउट किया, फिर अर्शदीप ने मोहम्मद नवाज को आउट किया। फखर जमान जब आउट हुए तो खुद आवेश खान को भी विश्वास नहीं हुआ। मैच के अपने पहले ओवर में ही आवेश खान ने खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। उनको पहले मोहम्मद रिजवान ने चौका और छक्का लगाया फिर फखर जमान को स्ट्राइक दे दिया।

### पहले ओवर में दो बार आउट होने से बचे रिजवान

मैच का पहला ओवर भुवनेश्वर कुमार करने आए और ओवर की दूसरी गेंद पर मोहम्मद रिजवान को अंपायर ने lbw आउट करार दे दिया, लेकिन रिव्यू लेकर वह बच गए।वहीं, ओवर की आखिरी गेंद पर रिजवान के खिलाफ बल्ले के बाहरी किनारे को लेकर जोरदार अपील हुई और रोहित शर्मा ने रिव्यू भी ले लिया। रिजवान दूसरी बार नॉटआउट करार दिए गए। 10 महीने के लंबे अंतराल के बाद दोनों टीमें आमने-सामने थी। ऋषभ पंत को मुकाबले में मौका नहीं मिला था। उनकी जगह शानदार फॉर्म में चल रहे दिनेश कार्तिक टीम इंडिया का हिस्सा बने थे। भारत तीन तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान और अर्शदीप सिंह के साथ उतरी थी। वहीं, स्पिन डिपार्टमेंट का जिम्मा रवींद्र जडेजा और युजवेंद्र चहल के कंधों पर था।

### नहीं चला बाबर का बल्ला

पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम मैच में कुछ खास नहीं कर सके। उनका विकेट भुवनेश्वर कुमार ने लिया। बाबर भुवी की शॉर्ट पिच गेंद को बांउड्री के बाहर भेजना चाहते थे, लेकिन वो एक्स्ट्रा बाउंस संभाल नहीं पाए और अर्शदीप को कैच दे बैठे।

# हार्दिक है तो सब मुमकिन है...

## जहां स्ट्रेचर से बाहर आए थे दवहीं बने हीरो,2018 में दुबई में पाक के खिलाफ लगी थी चोट, उसी ग्राउंड पर भारत के सुपरस्टार बने

**दुबई, एजेंसी।** दुबई, एशिया कप, भारत, पाकिस्तान..! ये चार शब्द आपको क्या याद दिलाते हैं? रविवार रात पाकिस्तान पर भारत की 5 विकेट की जीत और हार्दिक का धमाकेदार प्रदर्शन। अब आपको 4 साल पीछे ले चलते हैं। सितंबर का महीना था और साल था 2018। इसी मैदान से पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के ही मुकाबले में हार्दिक कराहते हुए स्ट्रेचर पर लेटकर मैदान के बाहर ले जा गए थे। उस दौरान चर्चा आम थी कि हार्दिक का करियर अब शायद ही पहले की तरह हो सकेगा। इंडिया से लेकर लंदन तक ऑपरेशन का दौर। किसी जमाने में आज का कपिलदेव कहे जाने वाले खिलाड़ी का भविष्य अब अंधकारमय नजर आ रहा था। कुछ होते हैं जो मुश्किल हालात में टूटकर बिखर जाते हैं और कुछ संघर्ष में निखर जाते हैं। हार्दिक ने मानो कसम खा रखी थी कि जिस मैदान पर सब खत्म हो सकता था, उसी मैदान पर वापस पुराना गौरव हासिल करना है। टीम इंडिया को वनडे और टी-20 क्रिकेट में एक ऐसा सितारा मिला है, जो अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों से किसी मैच की दशा और दिशा बदल सकता है। रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ मैच में ऐसा ही देखने को मिला। हार्दिक पंड्या ने पहले अपनी धारदार गेंदबाजी से 4 ओवर के कोटे में सिर्फ 25 रन दिए और 3 पाकिस्तानी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मोहम्मद रिजवान, इफ्तिखार अहमद और खुशदिल हार्दिक का शिकार बने। ये तीनों विकेट इस खिलाड़ी ने शॉर्ट गेंद से लिए। इफ्तिखार 22 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, मोहम्मद रिजवान के बल्ले से 43 रन निकले और खुशदिल ने 2 रन बनाए। वहीं, जब बल्लेबाजी की बारी आई तो हार्दिक ने अपने बल्ले से भी धमाल मचाया। उन्होंने 17 गेंद में 33 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर टीम इंडिया को जीत दिलाई।



**पाकिस्तान के खिलाफ पूरा मुकाबला नहीं खेल सके थे हार्दिक-** तारीख थी 19 सितंबर 2018 और आमने-सामने थे भारत-पाकिस्तान। एशिया कप का वह संस्करण वनडे फॉर्मेट में खेला जा रहा था। पाकिस्तानी पारी के 18वें ओवर में हार्दिक की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और इस वजह से वह पैरों पर खड़े भी नहीं हो पा रहे थे। तब तक हार्दिक ने 4.5 ओवर्स में 24 रन दिए थे और उनको कोई विकेट नहीं मिल सका था।

**हार्दिक बन गए टीम इंडिया के लिए हर मर्ज की दवा-** कहा जाता है कि हर मर्ज की एक ही दवा नहीं हो सकती, लेकिन पिछले वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टी-20 टीम में जितनी भी समस्याएं दिखीं, सबकी दवा फिलहाल एक ही साबित हो रही है। उसका नाम है हार्दिक पंड्या। वे भारतीय टीम में बॉलिंग डेप्थ की कमी को पूरा करते हैं। साथ ही मिडिल ऑर्डर में गहराई लाते हैं। अगर टीम का टॉप ऑर्डर फेल होता है तो भी हार्दिक अपने दम पर जीत दिलाने की क्षमता रखते हैं। डेथ ओवर्स में वे पावर हिटिंग भी कर सकते हैं।

**इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया को टी-20 सीरीज में दिलाई थी जीत-** इंग्लैंड के खिलाफ इस साल टी-20 सीरीज जिताने में हार्दिक की सबसे अहम भूमिका रही। उन्होंने पहले टी-20 मैच में 33 गेंदों 51 रन की पारी भी खेली और चार विकेट भी लिए। उन्होंने अपनी 51 रन की पारी में 6 चौके और एक छक्का ज?ा था। पंड्या 2018 के बाद से पीठ की चोट से उबर नहीं सके थे। वे गेंदबाजी नहीं कर पा रहे थे। भारतीय टीम ने उन्हें पिछले साल UAE में ही खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप तक मौका दिया फिर ड्रॉप कर दिया। वहीं जिस मुंबई इंडियंस को उन्होंने कई बार चैम्पियन बनाया उसने तो एक सीजन भी इंतजार नहीं किया। पंड्या को रिटेन नहीं किया गया। पंड्या इससे टूटे नहीं। कड़ी मेहनत की।

**IPL 2022 में गुजरात को बनाया था चैंपियन-** हार्दिक ने फिटनेस को दुरुस्त किया और ग्राउंड पर वापसी कर ली। वे जब से पीठ की चोट से उबर कर वापस लौटे हैं, तब से एक के बाद एक लगातार कमाल किए जा रहे हैं। पहले उन्होंने IPL -2022 में बतौर कप्तान नई-नवेली टीम गुजरात टाइटंस को चैम्पियन बनाया और फिर उसके बाद टीम इंडिया के लिए एक के बाद एक मैच विनिंग परफॉर्मेंस भी दिए जा रहे हैं। इस एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ दमदार प्रदर्शन के बाद टीम को उनसे काफी उम्मीदें हैं।

# भुवनेश्वर के आगे पाकिस्तान बेबस :रिजवान को बांध कर रखा, बाबर को बाउंसर पर पवेलियन भेजा, डेथ ओवर्स में भी शानदार गेंदबाजी

दुबई, एजेंसी। टीम इंडिया का नंबर वन तेज गेदबाज जसप्रीत बुमराह टीम का हिस्सा नहीं है, एशिया कप में मुश्किल होगी। कम से कम मोहम्मद शमी को तो टीम में जगह मिलनी ही चाहिए थी। ये बात एशिया कप टीम अनाउंसमेंट के बाद से ही लगातार चर्चा में थी। खैर, भारत बगैर बुमराह और शमी के भी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 5 विकेट से जीत गया। इस दौरान पावरप्ले में अगर किसी एक खिलाड़ी ने शुरुआत में दबाव बनाकर पाकिस्तानी बल्लेबाजों को गलतियां करने के लिए मजबूर किया तो वह थे भुवनेश्वर कुमार। किसी भी टी-20 मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 6.50 की इकोनॉमी से 26 रन देकर 4 विकेट चटकाना भारतीय बॉलर का बेस्ट बॉलिंग फिगर है। बात करें शुरुआत की तो सबसे पहले उन्होंने विपक्षी टीम के कप्तान बाबर आजम को अपना शिकार बनाया। टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की जीत की इबारत लिखने वाले बाबर 9 गेंदों में सिर्फ 10 रन बना सके। बाबर के अलावा शादाब खान, आसिफ अली और नसीम शाह का विकेट भी भुवनेश्वर ने अपने नाम किया।पाक के खिलाफ पावरप्ले और डेथ ओवर्स में विकेट टेकिंग बॉलिंग करने वाले भुवी नबंबर में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में बुमराह के जोड़ीदार के तौर पर नजर आ सकते हैं।

**बाबर पर भुवनेश्वर ने शुरुआत से बना रखा था दबाव-** पहले ही ओवर में भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर बाबर आजम ने चौका जरूर जड़ा, लेकिन वह पूरे कॉन्फिडेंस के साथ भुवी का सामना नहीं कर पा रहे थे। भुवनेश्वर अपने अनुभव और शॉर्ट पिच बॉल से बाबर को खूब परेशान कर रहे थे। बाबर जानते थे कि अगर भुवी को शुरुआत में जरा भी अवसर मिला तो वह विकेट निकाल ले जाएंगे। इसके बाद भुवी अपने खाते का दूसरा और पारी का तीसरा ओवर करने आए।तीसरे ओवर की तीसरी गेंद पर बाबर असहज नजर आए और चौथी गेंद पर बल्ला अड़ा बैठे। दरअसल बाबर भुवी को मिले एक्स्ट्रा बाउंस पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम रहे। जब गेंद बल्ले का टॉप ऐज लेकर शॉर्ट फाइन लेग की ओर उछली तो पाकिस्तानी फैंस निराशा में डूब गए। उन्हें पता था कि यहां कोई भी भारतीय फील्डर गलती नहीं करेगा। अर्शदीप के हाथों लपके जाने के बाद बाबर आजम पवेलियन लौट रहे थे तो भारतीय दर्शकों ने जोरदार जश्न मनाया। भुवनेश्वर कुमार और टीम इंडिया के खिलाड़ी खुशी में झूम रहे थे। उन्हें मालूम था कि बाबर को सस्ते में चलता कर उन्होंने आधी फतह हासिल कर ली है।

**पहले ओवर की पहली गेंद पर कोई रन नहीं बना।-** दूसरी ही गेंद को मोहम्मद रिजवान ने पुल किया, लेकिन चूक गए और गेंद थाई पैड पर लगी। भारत ने जोरदार अपील की और अंपायर ने आउट दे दिया। टीम इंडिया और भारतीय फैंस खुशी से झूम उठे, लेकिन रिजवान ने DRS की मदद ली और यहां किस्मत ने उनका साथ दिया। क्योंकि गेंद स्टंप्स पर नहीं लग रही थी।भुवी ने एक और शानदार गेंद डाली और कप्तान रोहित शर्मा ने कैच के लिए अपील की, लेकिन कीपर दिनेश कार्तिक शांत थे। अंपायर ने इसे आउट नहीं दिया और जैसे ही अंपायर ओवर खत्म होने का ऐलान करने वाले थे, रोहित ने DRS ले लिया। रोहित ये कहते हुए नजर आ रहे थे कि उन्हें गेंद के बल्ले से लगने की आवाज आई। एक विकेट का मौका पहले ही हाथ से छूटने के बाद भारतीय टीम दूसरा मौका नहीं गंवाना चाहती थी और इसलिए रोहित ने रिव्यू ले लिया, लेकिन किस्मत ने भारत का साथ नहीं दिया। रीप्ले में दिखा कि गेंद बल्ले को छूकर नहीं गई थी।पाकिस्तान के तेज-तर्रार ओपनर मोहम्मद रिजवान को पावरप्ले में आक्रामक बैटिंग के लिए जाना जाता है। वह गेंदबाजों पर बड़े शॉट्स खेलकर दबाव बनाने में यकीन रखते हैं।

# जाह्नवी कपूर का वीडियो वायरल झिंगाट पर किया जोरदार डांस



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जाह्नवी कपूर के फोटोज और वीडियोज अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं, जिन में कभी एक्ट्रेस का क्यूट अंदाज दिखता है तो कभी वो बोल्डनेस से आग लगाती हैं। इस बीच जाह्नवी कपूर का एक डांस वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर काफी मस्ती और एनर्जी के साथ डांस करती दिख रही हैं।

### कैसा है जाह्नवी का डांस वीडियो

बता दें कि जाह्नवी कपूर का डांस वीडियो काफी छोटा लेकिन काफी इंट्रेस्टिंग है। इस वीडियो में जाह्नवी कपूर, उनकी डेब्यू फिल्म धड़क के गाने झिंगाट पर डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में जाह्नवी की एनर्जी देखते ही बनती है और काफी मस्ती के मूड में डांस कर रही हैं। बता दें कि ये वीडियो क्लिप कुणाल रावल के प्री वेडिंग बैश का है। इस इवेंट में जाह्नवी ने साड़ी का देसी अंदाज चुना था, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी शेयर की थीं।

### जाह्नवी का बॉलीवुड करियर

जाह्नवी कपूर ने ईशान खट्टर के साथ साल 2018 में धड़क से डेब्यू किया था। इसके बाद जाह्नवी, रूही और गुंजन सक्सेना में नजर आईं। जाह्नवी का सिनेमाई करियर कुछ खास नहीं है, लेकिन उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास 'गुड लक जेरी', मिस्टर और मिसेज माही और बवाल है। इसके अलावा वह बोनी कपूर के प्रोडक्शन की फिल्म 'मिली' में भी नजर आएंगी। बवाल में जाह्नवी कपूर जोड़ी वरुण धवन के साथ नजर आएगी तो वहीं मिस्टर और मिसेज माही में वो राजकुमार राव के साथ ऑनस्क्रीन नजर आएंगी। बता दें कि जाह्नवी कपूर सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और उनकी क्यूट और बोल्ड अंदाज पर लाखों- करोड़ों फैन्स फिदा हैं।

# इस गाने पर ठुमकती नजर आई प्रियंका की बेटी मालती, यूजर ने कहा- जीजू पर गई है



**मुंबई, ईएमएस।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ दिलचस्प पोस्ट साझा करती नजर आती हैं। एक बार फिर प्रियंका ने एक वीडियो साझा किया है, जो खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, यह वीडियो प्रियंका की बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस का है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वीकेंड पर प्रियंका बेटी के साथ क्वालिटी समय बिता रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से बेटी मालती का यह वीडियो साझा किया है। इसमें मालती ठुमकती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, वीडियो में मालती को प्रियंका चोपड़ा ने गोद में ले रखा है और गाना चल रहा है च्ससुराल गेंदा फूल। वीडियो को देखकर ऐसा लग रहा है, जैसे प्रियंका बेटी को डांस की प्रैक्टिस करा रही हैं। हालांकि, वीडियो में प्रियंका नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन वीडियो के आखिर में उनकी जोर से हंसने की आवाज साफ सुनाई दे रही है। वीडियो में मालती का भी चेहरा नजर नहीं आ रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मालती पिंक फ्रॉक पहने बेहद क्यूट नजर आ रही हैं। उन्होंने मैचिंग का हेयरबैंड पहना हुआ है। हालांकि, उनका चेहरा नजर नहीं आ रहा है। वीडियो के साथ प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा है, शनिवार की सुबह कुछ ऐसी रही। प्रियंका के इस पोस्ट पर यूजर्स खूब प्यार लुटा रहे हैं। इस वीडियो को अब तक छह लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। कमेंट बॉक्स में यूजर्स हार्ट और फायर इमोजी पोस्ट कर रहे हैं तो वहीं प्रियंका के अंदाज और मालती की क्यूटनेस की भी खूब तारीफें कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, सो क्यूट!! जीजू पर गई है। एक अन्य यूजर ने लिखा, इंटरनेट पर यह आज का सबसे क्यूट वीडियो है। एक अन्य यूजर ने लिखा, यह आपकी जिंदगी की बेस्ट मॉर्निंग है। आप और मालती मेरे फेवरेट बन गए हो।

# करीना हैं ओटीटी के लिए एक्साइटिड

## शाहिद कपूर ने यश के बारे में क्या कहा और जानें क्यों इंग्लैंड में हैं अनुष्का शर्मा



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने को लेकर उत्साहित है। वहीं दूसरी ओर बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा इन दिनों इंग्लैंड में हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में नजर आए थे। इस दौरान उन्होंने यश के बारे में अपनी बात रखी।

**ओटीटी डेब्यू के लिए एक्साइटिड हैं करीना कपूर-** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने को लेकर उत्साहित है। करीना कपूर , सुजॉय घोष के द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स के अडॉप्टेशन के साथ अपना ओटीटी प्लेटफार्म पर डेब्यू करने जा रही है। करीना कपूर ने कहा, आज के दिनों में ओटीटी बहुत बड़ा प्लेटफॉर्म बन गया है। बड़ा से बड़ा कलाकार इस प्लेटफार्म का हिस्सा बनना चाहता है, मैं भी उन्हीं में से एक हूं, अच्छा लगता है कि अब हमारे कंटेंट सिर्फ देश भर में नहीं, दुनिया भर में देखा जा रहा हैं। बदलाव जरूर आया है लेकिन अच्छे के लिए।

**चकदा एक्सप्रेस के लिये इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही है अनुष्का शर्मा-** बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपनी आने वाली फिल्म चकदा एक्सप्रेस के लिये इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं। अनुष्का शर्मा की फिल्म चकदा एक्सप्रेस भारतीय तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म के लिये अनुष्का किसी भी तरह का कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहती हैं और जमकर प्रैक्टिस कर रही हैं। अनुष्का इंग्लैंड में क्रिकेट की ट्रेनिंग ले रही हैं जहां से उन्होंने अपनी तस्वीरें शेयर की हैं। अनुष्का ने अपने इंस्टाग्राम से जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह मैदान में नजर आ रही हैं। तस्वीर में अनुष्का खुले आसमान के नीचे लेटी दिखाई दे रही हैं। अनुष्का के बगल में एक बॉल नजर आ रही है।

**यश को फिल्म इंडस्ट्री का टॉप हीरो मानते हैं शाहिद कपूर-** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर दक्षिण भारतीय अभिनेता यश को फिल्म इंडस्ट्री का टॉप हीरो मानते हैं। शाहिद कपूर हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ करण जौहर के चैट शो कॉफी विद करण में नजर आए थे। करण जौहर ने चैट शो पर रैपिड फायर राउंड में शाहिद से सवाल किया कि इस वक्त फिल्म इंडस्ट्री के टॉप मेल और फीमेल एक्टर कौन हैं? इस पर शाहिद ने कबीर सिंह में उनकी को-स्टार रही कियारा आडवाणी की तरफ इशारा करते हुए टॉप फीमेल एक्ट्रेस बताया है। वहीं टॉप मेल कैटगरी में उन्होंने यश का नाम लिया। शाहिद कपूर ने कहा, हम इन दिनों नंबर वन के बारे में बात करें तो, मुझे लगता है कि वो यश है।

**लारा दत्ता के नो मेकअप लुक ने जीता फैंस का दिल, बोले- वास्तविक होने के लिए शुक्रिया-** नई दिल्ली, ईएमएस। बॉलीवुड एक्ट्रेस लारा दत्ता ने सोशल मीडिया पर अपनी नो मेकअप लुक वाली फोटो पोस्ट की है। एक ही पोस्ट में उन्होंने दो तस्वीरें डाली हैं। पहली फोटो में लारा दत्ता पूरी तरह बिना मेकअप के नजर आ रही हैं, जबकि दूसरी फोटो में उन्होंने मेकअप किया हुआ है। बता दें कि इन दिनों नो मेकअप लुक वाली तस्वीरें शेयर करने का एक चलन सा चल गया है। इससे पहले कई बड़ी एक्ट्रेसेज अपनी बिना मेकअप वाली तस्वीरें शेयर करके फैंस को सरप्राइज कर चुकी हैं।

**लारा दत्ता का नो मेकअप लुक वायरल-** तस्वीरें शेयर करते हुए लारा दत्ता ने लिखा, वास्तविक होना। किलर वर्कआउट करने और खुद को पूरी तरह सुखाने के बाद आज रात 7 बजे ये मैं थी। अगली तस्वीर 2 घंटे बाद की है, जब मैं सेलिब्रेशन के लिए पूरी तरह तैयार हूं। क्या फर्क पड़ता है? सिर्फ इतना ही कि हम में से कोई भी सोकर वैसा नहीं जागता है जैसा हम आमतौर पर जगमगाती हुई तस्वीरों में देखते हैं।

**फैंस बोले- रियल होने के लिए शुक्रिया-** लारा दत्ता ने लिखा, हमें वास्तविक दिखाने के लिए एक छोटा सा गांव काफी है। लारा दत्ता ने कहा- कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका वक्त कैसा गुजरा है, ये जरूरी है कि आप तैयार हों और खुद को दुनिया के सामने पेश करें। कमेंट सेक्शन में ढेरों लोगों ने लारा दत्ता की तस्वीरों पर प्रतिक्रिया दी है। एक यूजर ने लिखा- ये बिलकुल सच है।

**मिस यूनिवर्स रह चुकी हैं लारा दत्ता-** एक शख्स ने कमेंट सेक्शन में लिखा- आपकी वास्तविकता से मुझे प्यार हो गया है। एक यूजर ने लिखा- शुक्रिया वास्तविक होने के लिए। बता दें कि लारा दत्ता साल 2000 में मिस यूनिवर्स चुनी जा चुकी हैं। उन्होंने साल 2003 में आई फिल्म अंदाज के जरिए अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था और आखिरी बार वह मस्ती, नो एंट्री, डॉन 2 और पार्टनर जैसी फिल्मों में नजर आईं।

# नगर निगम कर्मचारी के सूने मकान में हुई चोरी का पर्दाफाश

**तीन आरोपियों से कोतवाली पुलिस ने बरामद किए डेढ़ लाख के जेवर**

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली पुलिस ने रविवार को नगर निगम कर्मी के सूने घर में हुई चोरी का खुलासा किया है। तीन आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 50 हजार रुपए कीमती सोने-चांदी के जेवर जप्त किए हैं। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि 21 अगस्त को जालपा मंदिर के पास निवासी कल्पना वर्मा पति बब्बू वर्मा ने बताया था कि रक्षाबंधन के त्योहार में बच्चों के साथ अपने घर पुरैनी में थी। पति नगर निगम कटनी में ड्राइवर है काम से गाड़ी लेकर भोपाल गए हुए थे। मां मीरा रावत के घर जालपा वार्ड में ताला लगा हुआ था। मां डिंडौरी गई हुई थीं। सुबह मोहल्ले के लोगों ने सूचना दी कि मां के घर का ताला टूटा हुआ है। आकर देखी तो पूरा सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखे सोने चांदी के जेवर अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिए थे। जिसमें 2 सोने के हार, चांदी की 2 चूड़ियां, 1 बोरादार पायल, 2 जोड़ झालरदार पायल, 2 हॉफ करधन कुल कीमती डेढ़ लाख रुपए चोरी हुए थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की। संदेहियों को निमिया मोहल्ला आधारकाप से पकड़कर पूछताछ की। जिसमें निमिया मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय गोलू उर्फ शुभम निषाद, आधारकाप निवासी 35 वर्षीय बबला उर्फ बबलू निषाद व विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हिनौता निवासी 28 वर्षीय भल्लू उर्फ गोविंद केवट शामिल है। आरोपियों के पास से डेढ़ लाख रुपएके जेवर जप्त किए गए। साथ ही घटना में प्रयोग की गई मोटरसायकल को भी जप्त किया गया है। उक्त कार्रवाई में कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक रामचंद शुक्ला, सहायक उपनिरीक्षक कप्तान सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, पुष्पराज सिंह की भूमिका रही।

## छत से गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत

**कटनी, यशभारत।** कैमोर थाना अंतर्गत छत से गिरकर घायल हुए युवक की मेडिकल कॉलेज जबलपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खलवारा बाजार निवासी 30 वर्षीय सोनू पिता विश्राम कोल 29 जुलाई को छत से गिरने के कारण घायल हो गया था। गंभीर हालत में जबलपुर रिफर कर दिया गया था, जहां मेडिकल कॉलेज में इलाज दौरान मौत हो गई है। प्रधान आरक्षक के के शुक्ला ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम दशरमन में 23 जून को सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। युवक की मौत वाहन की टक्कर लगने से हुई थी, इसमें पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम दशरमन निवासी 18 वर्षीय राकेश पिता बारेलाल कुम्हार को वाहन एम.पी.20सीई-1856 के चालक ने एक्सीडेंट करते हुए चोट पहुंचाई थी। सहायक उपनिरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# बाइक को ओवरटेक करते अनियंत्रित हुई बस पलटी

**महिलाओं व बच्चों सहित कई यात्री घायल, 4 गंभीर जबलपुर रिफर, बाकल के समीप खमतरा मोड़ पर हुआ हादसा**

**कटनी, यशभारत।** बहोरीबंद तहसील अंतर्गत खमतरा मोड़ पर रविवार की दोपहर यात्रियों से भरी बस तेज बारिश के बीच बाइक को ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई है। रास्ते से गुजर रहे लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को सूचना दी। घायलों को उपचार के लिए बहोरीबंद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें आई हैं। चार यात्रियों को गंभीर हालात में जबलपुर रिफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज बारिश के बीच बस तेज रफ्तार में थी और बाइक को ओवरटेक करने के दौरान वह अनियंत्रित होकर खेत में जाकर पलट गई। बाकल थाना प्रभारी प्रीति पांडे ने बताया कि बस क्रमांक सी.जी.04इ-2433 सिहोरा से कुम्हारी जा रही थी। बाकल के समीप खमतरा मोड़ के पास यह हादसा हुआ। बस में 22 यात्री सवार थे, जिसमें 12 लोग घायल हुए। 4 लोगों को गंभीर चोटें होने के कारण जिला चिकित्सालय भेजा गया गया है। शेष यात्रियों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया है।



### एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

हादसे में एक दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटें आई हैं। 4 यात्रियों को गंभीर हालत में जबलपुर रिफर किया गया है। जिन यात्रियों को जबलपुर रिफर किया गया है उनमें ग्राम रैपुरा निवासी 40 वर्षीय पप्पू दहिया, ग्राम गिदुरहा निवासी 3 वर्षीय अहान सिंह, 28 वर्षीय अंजना गौड़ व 5 वर्षीय अमृता गौड़ शामिल हैं। इसके अलावा घायलों में ग्राम बड़ी करहैया निवासी 36 वर्षीय हेमलता विश्वकर्मा, ग्राम पथराड़ी पिपरिया निवासी 27 वर्षीय कमला बाई चौधरी, ग्राम चांदनखेड़ा निवासी 22 वर्षीय राकेश बर्मन, ग्राम मसंदा निवासी 45 वर्षीय छोटे चौधरी, ग्राम निमास निवासी 36 वर्षीय अर्जुन कुम्हार, जबलपुर निवासी 70 वर्षीय अब्दुल लतीफ, ग्राम गिदुरहा निवासी 57 वर्षीय नत्थू प्रधान, ग्राम निमास निवासी 29 वर्षीय गुलाब कुम्हार व ग्राम चांदनखेड़ा निवासी 22 वर्षीय राहुल बर्मन शामिल हैं। जिनका उपचार बहोरीबंद में किया जा रहा है।

### बाइक सवार को भी आई चोट

बताया जा रहा है कि बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि बस पलटने के दौरान कुछ यात्री खेत में गिर गए। जिस बाइक को ओवरटेक करने में यह हादसा हुआ वह बाइक भी चपेट में आ गई। बाइक चालक राहुल वर्मन को भी चोटें आई हैं। घटना की जानकारी लगते ही बहोरीबंद तहसीलदार पूर्वी तिवारी, बहोरीबंद थाना प्रभारी अर्चना सिंह बहोरीबंद सामुदायिक स्वादथ्य केंद्र पहुंचे और उपचाररत घायलों का हाल जाना।

# पूर्व जनपद सदस्य व परिजनों पर जानलेवा हमला

**पंचायत चुनाव की रंजिश को लेकर अब बहोरीबंद के हथियागढ़ गांव में हुई वारदात**



**कटनी, यशभारत।** नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की रंजिश को लेकर मारपीट की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिनों पूर्व कुठला थाना अंतर्गत पहरूआ में पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव पर चुनावी रंजिश को लेकर किए जानलेवा हमले का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम हथियागढ़ में पंचायत चुनाव की रंजिश को लेकर पूर्व जनपद सदस्य व उनके परिजनों पर भी प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले हैं। मारपीट में तीन लोगों को चोट आई है जबकि एक प्रौढ़ गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। मारपीट के दौरान बीच-बचाव करने वाले को गंभीर चोट आई है। ग्राम हथियागढ़ निवासी अभिषेक मेहतो ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम भाई गजराज पटेल, जित्तू प्रधान के साथ बैठा था। उसीदौरान बंदी उर्फ लक्ष्मण पटेल, संदीप पटेल, मंजू पटेल आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना किया तो आवाज सुनकर पिता भैयाजी मेहतो, गोविंद मेहतो, बड़ी मां गीता मेहतो, भाभी ऊषा मेहतो, बहन प्रीति पटेल बाहर आ गईं। तभी बंदी पटेल बाड़ी से लठ्ठ निकालकर भाभी ऊषा पर हमला करने लगा। बीच-बचाव में मुझे चोट लगी। संदीप पटेल ने बड़ी मां गीता बाई पर लठ्ठ से हमला कर दिया। बंदी बड़े पिता गोविंद मेहतो पर हमला किया। मंजू पटेल ने भाभी के साथ अभद्रता की। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे गांव के रमेश विश्वकर्मा के साथ भी बंदी पटेल ने मारपीट की जिसमें उसे गंभीर चोट आई हैं। इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज करते हुए प्रकरण को जांच में लिया है।

## श्रीचन्द्र प्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में चोरी का प्रयास



**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के झंडा बाजार क्षेत्र स्थित श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन मंदिर में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका कि चोर चोरी करने में सफल हुए या नहीं परंतु चोरी के प्रयास करने के निशान मंदिर में मिले हैं। वहीं सूत्रों की माने तो बीती रात छत के ऊपर से मंदिर में प्रवेश कर चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की है। आज सुबह चोरी की जानकारी लगने के बाद नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर जांच की है।

## निर्माणाधीन भवन से गिरकर महिला मजदूर की मौत

**माधवनगर थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में दुर्घटना**

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर थाना अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड में बन रही एक मल्टी में लापरवाही पूर्वक काम कराए जाने से महिला ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पति व साथी कर्मचारी जिला अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में पुलिस की बड़ी बेपरवाही सामने आई है। घटना के एक दिन बाद पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार 26 अगस्त को शाम साढ़े चार बजे पड़ोसी जिला पन्ना के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम गजंधा निवासी सोनम भुमिया पति रामजी भुमिया हाउसिंग बोर्ड में बन रही एक मल्टी में काम कर रही थी। इस पर पुलिस ने एक दिन बाद मर्ग कायम किया है। हैरानी की बात तो यह कि घटना के 72 घंटे बाद भी माधवनगर पुलिस यह पता नहीं लगा पाई है कि मल्टी किसकी बन रही है और ना ही अब तक लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।

## चोरी की नामजद शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई से कतरा रही पुलिस

**राशन दुकान की दीवार में सेंध लगाकर 3 क्विंटल गेहूं चोरी जाने का मामला**

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम देवरी में संचालित राशन दुकान में हुई चोरी की नामजद शिकायत करने के बावजूद पुलिस एफआइआर दर्ज करने में पुलिस कतरा रही है। घटना के तीन-चार दिन बाद भी पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं की है। पीड़ित सेल्समैन ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की ओर मामले का ध्यान आकर्षित कराते हुए चोरी का मामला दर्ज कर चोर को गिरफ्तार कर अनाज बरामद करने की मांग की है। ग्राम देवरी स्थित राशन दुकान के सेल्समैन रमेश कुमार ने बताया कि 24 अगस्त की रात संदेही आरोपी जयप्रकाश पटेल ने राशन दुकान की दीवार में सेंध लगाकर 6 बोरी गेहूं पार कर दिया था। घटना की शिकायत दूसरे दिन स्लीमनाबाद पुलिस से की गई। इसके बावजूद पुलिस ने अब तक न तो कोई कार्रवाई की है और न ही संदेही आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। रमेश ने एसपी से कार्रवाई की मांग की है।

### आजाद चौक से बाइक चोरी

कटनी, यशभारत। कोतवाली के अंतर्गत आजाद चौक क्षेत्र से फिर एक मोटर सायकल चोरी होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पन्ना मोड़ निवासी जितेन्द्र कुमार गुप्ता की अज्ञात आरोपी ने मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमके-6516 कीमती 80 हजार रूपए पार कर दी है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी है।

# गौशाला के अंदर तेंदुए ने किया गाय का शिकार

**बरही वन परिक्षेत्र के ग्राम बुजबुजा के ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

**कटनी, यशभारत।** बड़वारा-बरही वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुजबुजा में घर की बाड़ी के अंदर बनी गौशाला में घुसकर तेंदुए के द्वारा गाय का शिकार करने की घटना प्रकाश में आई है। आबादी के बीच तेंदुए द्वारा शिकार करने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाए जाने मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरही वन परिक्षेत्र के ग्राम बुजबुजा में गतदिवस जमुना काछी के घर की बाड़ी में घुसकर तेंदुए ने गाय का शिकार किया है। घटना के बाद से परिवार में व ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना के बाद से गांव के बच्चों में डर का माहौल बना हुआ है। वहीं किसान भी शाम होते ही घरों में दुबक जा रहे हैं। किसान व ग्रामीण खेत जाने से भी कतरा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जानवर अभी भी आबादी के आसपास ही होगा जो कभी भी मवेशी व लोगों को घात लगाकर हमला कर सकता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से पगमार्क के अनुसार पता कराते हुए तेंदुए को जंगल में भिजवाने मांग की है। वन विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की भी मांग की गई है।

### बगदरा-बगदरी में हाथियों का आतंक

बरही वन परिक्षेत्र के बगदरा-बगदरी गांव के समीप हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है। ये किसानों की फसलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। खितौली से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर हाथियों का झुंड देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि किसी तरह कम बारिश के बाद भी फसल को बचाने की जुगत में हैं लेकिन अब हाथी फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग सहित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन से हाथियों को यहां से भगाए जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

बुजबुजा में तेंदुए ने गाय का शिकार किया है। मौके का निरीक्षण कराते हुए मुआवजा प्रकरण दर्ज कराया जा रहा है। ग्रामीणों को भी सतर्क रहने कहा गया है। हाथियों का मूमेंट बरही से काफी दूर है। बगदरी के समीप हैं जो वहां पर हमेशा रहते हैं।

– **डॉ.गौरव सक्सेना,** रेंजर बरही

# हाइवे के किनारे ढाबा में छलक रहे थे जाम

**पुलिस की रेड से मचा हड़कंप, ढाबा कर्मचारी पर हुई कार्रवाई**

**कटनी, यशभारत।** माधवनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के किनारे संचालित बाबर्ची ढाबे में दबिश दी है। इस दौरान लोगों को शराब पिलाई जा रही थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शराब जप्त करते हुए ढाबा के एक कर्मचारी पर धारा आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 के किनारे देवरी टोला में संचालित बाबर्ची ढाबा में माधवनगर पुलिस ने शनिवार की रात साढ़े ग्यारह बजे दबिश दी। ढाबा में खाना खाने पहुंचने वाले लोगों को ढाबा संचालक द्वारा शराब पिलाई जा रही थी। ढाबा से पुलिस ने 2 क्वाटर अंग्रेजी सील पैक, 300 रुपए नगद, 3 खाली क्वाटर देशी प्लेन, डिस्पोजल आदि जप्त किए हैं। इस मामले में बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम मझगवां निवासी 19 वर्षीय विशाल कुशवाहा के खिलाफ कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि इस मामले में संचालक पर कार्रवाई न करते हुए कर्मचारी पर पुलिस ने कार्रवाई की है। गौरतलब है कि यह वही ढाबा है जहां पर बिल जमा न करने पर जेई टीम के साथ लाइन काटने पहुंचे थे तो संचालक ने अभद्रता की थी, जिसकी अभी तक पुलिस ने जांच पूरी नहीं की है।

a Sainik Conduct Disciplined Degree College
Time : 10:30 to 12:30 Only
B.Ed. D.Pharma LL.B. BBA
SILICOBYTE सिलिकोबाइट
KDC Katni Degree College (Group of Education)
आधारकाप, नई बस्ती, कटनी. 9981435977

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

HOTEL GRAND MERIDIAN
Facilities
Luxury Rooms
Banquet Hall
Conference Hall
Free Wifi
Cinema
Restaurant
Bar
Car Parking
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni MP 483501

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)